मंगलवार, 30 दिसम्बर 2025

**मौसम**

तापमान 12 – 20
आर्द्रता 86%
सूर्योदय: 06:15 सूर्यास्त: 17:02

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : हर छोटा बदलाव कामयाबी का हिस्सा होता है।




आईएनएसवी कौंडिन्य ने ओमान की अपनी पहली यात्रा के लिए प्रस्थान किया पृष्ठ 7




JAISWAL INDUSTRIAL PARK PHASE I & II

COMPLETE COMMERCIAL PLOTS AVAILABLE WITH FILLING AND BOUNDARY

JUST 3 MINS FROM DANKUNI HOUSING

CALL: 7003982830 email: udgeethdevelopers@gmail.com

DIVYANSH JAISWAL



RED-X

B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS

'X' Factor that Makes A Difference

Stockist :

GULAB CHAND LAL CHAND& Co.

9831114555

9874415555


# मैं सभी धर्मों के कार्यक्रमों में जाती हूं, तुष्टिकरण के आरोप गलत : ममता

**मुख्यमंत्री ने न्यूटाउन में दुर्गांगन की रखी आधारशिला**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे तुष्टिकरण के आरोपों को खारिज करते हुए खुद को सच्चे अर्थों में धर्मनिरपेक्ष बताया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सभी धर्मों और समुदायों के साथ समान व्यवहार करती है और यही उनकी राजनीति की मूल सोच है। 'दुर्गा आंगन' कार्यक्रम में बोलते हुए ममता ने कहा कि कई लोगों ने मुझ पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया, लेकिन मैं सेक्युलर हूं। मुझे बंगाल और भारत से गहरा प्यार है। हम हर जाति और धर्म के लोगों से समान प्रेम रखते हैं। हर नागरिक को अपना लोकतांत्रिक अधिकार है। धर्म व्यक्तिगत पसंद है, लेकिन त्यौहार सभी के लिए हैं। जब मैं गुरुद्वारे जाती हूं तो कोई परेशानी नहीं होती, लेकिन ईद जैसे कार्यक्रमों में शामिल होने पर कुछ लोगों को दिक्कत होती है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को दुर्गा आंगन की आधारशिला रखी और बताया कि यह कार्यक्रम बंगाल और उसके लोगों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग समुदायों के लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्होंने इस सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद किया। ममता ने बताया कि दुर्गा आंगन के निर्माण के लिए ट्रस्ट का गठन किया गया है और परियोजना पूरी होने पर राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह न केवल सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करेगा, बल्कि बंगाल के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी योगदान देगा।

**एक लाख श्रद्धालुओं की क्षमता, 69 फीट ऊंचा गर्भगृह**

मुख्यमंत्री के अनुसार, दुर्गांगन परिसर में एक लाख श्रद्धालुओं के एक साथ ठहरने की क्षमता होगी। चारों ओर हरियाली और 1000 खंभे लगाए जाएंगे। गर्भगृह (सैंक्टम सैंक्टोरम) की ऊंचाई 69 फीट होगी। परिसर में पर्याप्त कार पार्किंग और दुकानें भी होंगी। यहां 365 दिन मां दुर्गा को समर्पित गतिविधियां और दैनिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले प्रस्तावित स्थल की तुलना में नया स्थान अधिक बड़ा और सुविधाजनक है।



**राज्य बनाएगी गंगासागर में पुल, अगले माह महाकाल मंदिर की रखी जाएगी आधारशिला**

केंद्र सरकार पर भी परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए ममता ने कहा कि गंगासागर में पुल निर्माण के प्रयास लंबे समय से हो रहे थे, लेकिन अब राज्य सरकार स्वयं इसे आगे बढ़ाएगी। उन्होंने घोषणा की कि पुल की नींव 5 जनवरी को रखी जाएगी और अगले दो साल में इसे जनता के लिए खोला जाएगा। इसके अलावा, जनवरी के दूसरे सप्ताह में सिलीगुड़ी में महाकाल मंदिर की आधारशिला रखी जाएगी।

**एसआईआर प्रक्रिया पर उठाए सवाल**

एसआईआर प्रक्रिया पर टिप्पणी करते हुए ममता ने कहा कि इस प्रक्रिया में लोग बेवजह परेशान हो रहे हैं और एक महीने में 50 से अधिक लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि वह लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार लड़ेंगी और इसके लिए जान देने को भी तैयार हैं। ममता ने कहा कि अंग्रेजों को भी बंगाल को राजधानी बनाकर छोड़ना पड़ा था। यह आसान जमीन नहीं है। मां दुर्गा की सौगंध, हम बंगाल की विरासत और बंगाल का हक बचाकर रहेंगे।

## भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर पाकिस्तान की टिप्पणियों को विदेश मंत्रालय ने खारिज किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान में विभिन्न धर्मों के अल्पसंख्यकों का ''भयावह और सुनियोजित उत्पीड़न'' एक स्थापित तथ्य है और किसी पर उंगली उठाने की कोशिश से इस तथ्य को छिपाया नहीं जा सकता। नयी दिल्ली ने भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर पाकिस्तान की टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हुए यह बात कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम उस देश की कथित टिप्पणियों को खारिज करते हैं जिसका इस मोर्चे पर घिनौना रिकॉर्ड खुद ही सब कुछ बयां करता है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान में विभिन्न धर्मों के अल्पसंख्यकों का भयावह और सुनियोजित उत्पीड़न एक स्थापित तथ्य है। किसी भी तरह से दूसरों पर आरोप लगाने से यह छिप नहीं सकता।

# तीन दिवसीय बंगाल दौरे पर कोलकाता पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**आज एक प्रेस वार्ता को करेंगे संबोधित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल के तीन-दिवसीय दौरे पर सोमवार की शाम कोलकाता पहुंचे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि शाह शाम करीब 7:25 बजे कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेताओं ने उनका स्वागत किया, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार शामिल थे। शाह ने कड़ाके की ठंड के बीच उनके स्वागत के लिए हवाई अड्डे पर पहुंचे भाजपा समर्थकों का अभिवादन किया। इसके बाद, शाह सीधे सॉल्टलेक के सेक्टर पांच स्थित भाजपा कार्यालय की ओर रवाना हुए और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था तथा उत्साही समर्थकों के बीच रात करीब 8.05 बजे अपने गंतव्य पहुंचे। भाजपा कार्यालय के बाहर जमा हुए लोग 'जय श्री राम' और 'बंचते चाई, भाजपा ताई' (जीना चाहते हैं, इसलिए भाजपा में हैं) के नारे लगा रहे थे। उन्होंने शाह के काफिले पर गुलाब की पंखुड़ियां भी बरसाईं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि शाह पार्टी कार्यालय में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की संगठनात्मक तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक बैठक करेंगे। इस बैठक में भाजपा की राज्य इकाई के 26 शीर्ष नेताओं और पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक शामिल होंगे, जहां राज्य विधानसभा चुनावों के लिए रणनीतिक योजना और उनमें संभावित खामियों को दूर करने के उपायों पर चर्चा होने की संभावना है। शाह के मंगलवार को कोलकाता में एक संवाददाता सम्मेलन करने की भी उम्मीद है। शाह के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कई बैठकें करने की भी संभावना है। भाजपा नेता के मुताबिक, केंद्रीय गृहमंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पदाधिकारियों के साथ एक बंद कमरे में बैठक करेंगे। इसके अलावा, वह भाजपा के विधायकों, सांसदों और कोलकाता नगर निगम के पार्षदों के साथ अलग से बैठक करेंगे। बुधवार को शाह मध्य कोलकाता के ठनठनिया काली बाड़ी मंदिर जाएंगे। उसी दिन वह पूर्वी कोलकाता के एक सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को भी संबोधित करेंगे।



एयरपोर्ट में लोगो का अभिवादन स्वीकार करतें गृह मंत्री शाह

## कांग्रेस बांग्लादेशी घुसपैठियों को मानती है अपना वोटबैंक, लेकिन भाजपा भेजेगी उन्हें वापस: अमित शाह

**बोरदुवा (असम) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस असम के लोगों, उनकी संस्कृति, भूमि और पहचान के लिए खतरा पैदा करने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों को अपना वोट बैंक मान रही है। शाह ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र न केवल असम, बल्कि पूरे भारत में पड़ोसी देश से आए सभी अवैध प्रवासियों की पहचान करेगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि 1983 में अवैध प्रवासी (न्यायाधिकरण द्वारा निर्धारण) (आईएमडीटी) अधिनियम के लागू होने से घुसपैठियों को कानूनी संरक्षण प्राप्त हुआ। बाद में उच्चतम न्यायालय ने इस कानून को निरस्त कर दिया था।

# रक्षा मंत्रालय ने 79 हजार करोड़ रुपये के सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्रालय ने सेना की युद्ध क्षमता को मजबूत करने के लिए 79,000 करोड़ रुपये मूल्य के लंबी दूरी के रॉकेट, मिसाइल, रडार प्रणाली और अन्य सैन्य उपकरणों की खरीद को सोमवार को मंजूरी प्रदान कर दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी। डीएसी ने सेना की तोपखाना रेजिमेंटों के लिए 'लोइटर म्यूनिशन' प्रणाली की खरीद को मंजूरी दे दी। 'लोइटर म्यूनिशन' ऐसे हवाई अस्त्र होते हैं जो किसी लक्ष्य क्षेत्र के आसपास तब तक मंडराते रहते हैं जब तक कि लक्ष्य का पता न चल जाए, और फिर उससे टकराकर हमला करते हैं। इसे आत्मघाती ड्रोन या विस्फोटक ड्रोन भी कहा जाता है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इसके अलावा भारतीय सेना के लिए हल्के रडार, पिनाका रॉकेट प्रणाली के लिए लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट सामग्री और एकीकृत ड्रोन पहचान एवं अवरोधन प्रणाली (एमके-2) की खरीद को भी मंजूरी दी गई है। इसने कहा कि सामरिक लक्ष्यों पर सटीक हमले के लिए 'लोइटर म्यूनिशन' का इस्तेमाल किया जाएगा, जबकि हल्के रडार छोटे आकार की और कम ऊंचाई पर उड़ने वाली मानवरहित हवाई प्रणालियों का पता लगाएंगे और उन पर नज़र रखेंगे। बयान में कहा गया कि लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से भेदने के लिए पिनाका रॉकेट प्रणालियों की मारक क्षमता और सटीकता को बढ़ाने के वास्ते लंबी दूरी के दिशा निर्देशित रॉकेटों की खरीद की जा रही है।

**पिनाका: लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट का पहला परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न**



**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पिनाका श्रेणी में लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट का पहला परीक्षण सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और इसने लक्ष्य को सटीकता के साथ भेद दिया। यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में आयोजित किया गया। योजना के अनुरूप, रॉकेट का परीक्षण 120 किलोमीटर की इसकी अधिकतम मारक क्षमता के संदर्भ में किया गया। मंत्रालय ने कहा कि 'पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट' (एलआरजीआर 120) का पहला परीक्षण आज चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एलआरजीआर ने सटीकता के साथ लक्ष्य भेदन किया। अधिकारियों ने बताया कि एलआरजीआर को सेवा में मौजूद 'पिनाका लॉन्चर' से दागा गया, जिससे इसकी बहुआयामी विशेषता का प्रदर्शन हुआ और एक ही 'लॉन्चर' से अलग-अलग दूरी के पिनाका संस्करण को दागने की क्षमता साबित हुई।

# अरावली पहाड़ियों की परिभाषा: न्यायालय ने 20 नवंबर के निर्देश अगली सुनवाई तक स्थगित रखने का आदेश दिया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने अपने 20 नवंबर के फैसले में दिए गए उन निर्देशों को सोमवार को स्थगित रखने का आदेश दिया, जिसमें अरावली पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक समान परिभाषा को स्वीकार किया गया था। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने इस मुद्दे की व्यापक और समग्र समीक्षा के लिए इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को शामिल कर एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा। पीठ ने 'अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की परिभाषा और सहायक मुद्दों' के संबंध में स्वतः संज्ञान लेकर एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा, ''हम यह निर्देश देना आवश्यक समझते हैं कि समिति द्वारा प्रस्तुत सिफारिशों के साथ-साथ इस न्यायालय द्वारा 20 नवंबर, 2025 के फैसले में निर्धारित निष्कर्षों और निर्देशों को स्थगित रखा जाए।'' शीर्ष अदालत ने कहा कि कुछ मुद्दे ऐसे हैं जिन पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता होगी। अदालत ने केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी कर मामले को आगे की सुनवाई के लिए 21 जनवरी को सूचीबद्ध किया।

**पर्यावरणविदों ने न्यायालय के स्थगन आदेश का स्वागत किया, विशेषज्ञ नियुक्त करने की मांग की**

# उन्नाव बलात्कार मामला: न्यायालय ने सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित करने संबंधी फैसले पर लगाई रोक

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी, जिसमें 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा को निलंबित कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही कहा कि सेंगर को रिहा नहीं किया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक अवकाशकालीन पीठ सीबीआई की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में कानून से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न सामने आए हैं, जिनपर विचार किया जाना आवश्यक है। उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई की याचिका पर सेंगर को नोटिस भी जारी किया और उससे चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा कि वह इस तथ्य से अवगत है कि सामान्यतः जब किसी दोषी या विचाराधीन कैदी को निचली अदालत या उच्च न्यायालय के आदेश के तहत जमानत पर रिहा किया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति को सुने बिना उस आदेश पर उसके द्वारा रोक नहीं लगायी जाएगी। पीठ ने यह भी कहा कि सेंगर को एक अन्य मामले में भी दोषी ठहराया गया है और उस मामले में वह अब भी हिरासत में है। पीठ ने कहा, ''मामले की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए हम उच्च न्यायालय द्वारा 23 दिसंबर, 2025 को पारित आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हैं। परिणामस्वरूप, प्रतिवादी (सेंगर) को उक्त आदेश के आधार पर हिरासत से रिहा नहीं किया जाएगा।'' शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में उसके विचार के लिए कानून से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्न उत्पन्न हुए हैं। सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से उच्च न्यायालय के आदेश पर यह कहते हुए रोक लगाने का आग्रह किया कि यह एक नाबालिग बच्ची के साथ भयावह बलात्कार की एक घटना थी।



# यूक्रेन के 90 ड्रोन ने पुतिन के स्थायी आवास पर हमला करने का प्रयास किया: रूस

**मॉस्को :** रूस ने सोमवार को दावा किया कि लंबी दूरी के 91 यूक्रेनी ड्रोन ने मॉस्को के उत्तर में नोवगोरोड क्षेत्र में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्थायी आवास पर हमला करने का प्रयास किया। विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने एक टेलीविजन बयान में कहा कि रविवार और सोमवार की दरमियानी रात को हुए ड्रोन हमले में कोई नुकसान नहीं हुआ क्योंकि ड्रोन को मार गिराया गया था। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि रूस उचित समय पर जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। लावरोव ने यूक्रेनी हमलों को कीव और उसके सहयोगियों द्वारा शांति वार्ता को विफल करने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि मॉस्को यूक्रेन के साथ शांति वार्ता पर अपना रुख बदलेगा, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टीम के साथ शांति वार्ता जारी रहेगी।






# आंध्र प्रदेश में टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस में लगी आग , एक व्यक्ति की मौत

**विशाखापत्तनम :** आंध्र प्रदेश में यहां से 66 किलोमीटर दूर यलमंचिली के पास टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस के दो डिब्बों में आग लग जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस को आग लगने की सूचना रात 12 बजकर 45 मिनट पर मिली। पुलिस के एक अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि प्रभावित डिब्बों में से एक में 82 और दूसरे में 76 यात्री सवार थे। उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्य से, बी-1 कोच से एक शव मिला।'' दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के विजयवाड़ा मंडल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आग डिब्बे के विद्युत पैनल वाले हिस्से से नहीं लगी, जैसा कि आम तौर पर होता है, बल्कि यह कपड़ा भंडारण क्षेत्र से शुरू हुई। मामले की जांच की जा रही है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि सभी यात्रियों को ट्रेन से उतार लिया गया लेकिन 70 वर्षीय यात्री चंद्रशेखर सुंदर ट्रेन से नहीं उतर सके और आग लगने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। एससीआर ने कहा कि मृतक के परिजनों को अनुग्रह राशि दी जाएगी। दक्षिण मध्य सर्कल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) आग लगने की घटना की विस्तृत जांच करेंगे। अधिकारी ने बताया कि क्षतिग्रस्त दोनों डिब्बों को ट्रेन से अलग कर दिया गया, जिसके बाद ट्रेन एर्नाकुलम की ओर रवाना हो गई। प्रभावित डिब्बों के यात्रियों को उनके गंतव्यों तक भेजने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि दो फॉरेंसिक टीम आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही हैं। एससीआर ने एक बयान में बताया कि ट्रेन संख्या 18189 के बी-1 और एम-2 डिब्बे में आग लग गई तथा रेलवे कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दमकल विभाग को तत्काल सूचना दी। बयान के अनुसार, रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों को ट्रेन से सुरक्षित उतरने में सहायता की।



## छात्रों में एकाग्रता-रचनाशीलता को मिलेगा बढ़ावा

ऐसे दौर में जब बच्चे डिजिटल मीडिया को अंतिम सत्य मानने लगे हैं, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्कूलों में अखबार पढ़ना अनिवार्य बनाना एक सुखद अहसास ही है। सुबह की प्रार्थना के दौरान दस मिनट तक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खबरें व संपादकीय पढ़ना अनिवार्य किया गया है। बाकायदा रोज पांच कठिन शब्द अर्थ के साथ ब्लैकबोर्ड पर दर्ज होंगे। निश्चय ही इस प्रयास से जहां बच्चों में पढ़ने की संस्कृति, शब्द व सामान्य ज्ञान बढ़ेगा, वहीं उनके स्क्रीन टाइम में कमी आ सकेगी। निर्विवाद रूप से इससे धीरे-धीरे छात्रों की पढ़ने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। बच्चे पढ़ने की संस्कृति से जुड़कर भावनात्मक, बौद्धिक व सामाजिक सरोकारों से समृद्ध होंगे। बहुत संभव है कि यदि इस अभियान को निरंतरता के साथ चलाया जाता रहा तो बच्चे पुस्तकालयों में रुचि लेने लगेंगे। विडंबना यह है कि आज बच्चों की उंगलियां पुस्तकों के पन्ने पलटने के बजाय मोबाइल के की-बोर्ड पर थिरकती रहती हैं। चिंताजनक स्थिति है कि भारत में पांच साल तक के बच्चे भी रोज दो घंटे से अधिक समय स्क्रीन पर बिताते हैं। एक सर्वे में चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि दो साल जैसी कम उम्र के बच्चे भी रोज 1.2 घंटे स्क्रीन पर लगाते हैं। गंभीर स्थिति यह है कि एक चौथाई बच्चों की इंटरनेट तक पहुंच है। ऐसे वक्त में जब आस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की सोशल मीडिया तक पहुंच को रोका गया है, भारत में दस साल से कम उम्र के बच्चों तक के सोशल मीडिया अकाउंट बने हुए हैं। दरअसल, उत्तर प्रदेश सरकार ने फैसला किया है कि मॉर्निंग असेंबली के दौरान बच्चों को अंग्रेजी व हिंदी के समाचार पत्र पढ़ने को दिए जाएंगे। ये निर्णय सभी सरकारी सेकेंडरी और बेसिक स्कूलों के लिये है, लेकिन यदि निजी स्कूल भी चाहें तो वे भी ऐसा निर्णय ले सकते हैं। निस्संदेह, बच्चों को स्कूली पाठ्यक्रम से अलग भी पुस्तकें पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। तमाम सर्वे बता रहे हैं कि आज भी अखबार भरोसेमंद सूचना माध्यम हैं। कई चरणों में संपादकीय मंडल खबरों को सुरक्षित तरीके से जांच कर प्रकाशित करता है। यूं तो कथित सोशल मीडिया पर सूचनाओं का अंबार लगा है, लेकिन संपादक नामक संस्था के न होने से उनकी विश्वसनीयता संदिग्ध है। निहित स्वार्थी तत्व भ्रामक सूचनाएं लगातार प्रसारित करते रहते हैं। निस्संदेह, बच्चे जब अखबार पढ़ेंगे तो अखबारों के संपादकीय व लेख पढ़कर वे अपना दृष्टिकोण विकसित कर सकेंगे। साथ ही उनकी भाषा समृद्ध होगी। आजकल के छात्रों के सबसे कम नंबर मातृभाषा में ही आते हैं। संकट यह भी है कि आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बच्चों की मासूमियत छीन रहे हैं और उन्हें समय से पहले वयस्क बना रहे हैं। शिक्षकों की उपस्थिति में अखबारों के जरिये मिलने वाली प्रामाणिक जानकारी उनकी सकारात्मक सोच को विकसित करेगी। बच्चों की पढ़ने की यह आदत तब और विकसित होगी, जब अभिभावक भी बच्चों को घर में पढ़ने के लिये प्रोत्साहित करेंगे। यहां यह भी जरूरी है कि बच्चों के लिये स्कूलों में शुरू हुआ यह अभियान निरंतरता के साथ चलता रहे।

# कृषि क्षेत्र में भारत की कामयाबी का नया मुकाम: साल 2025 का सफर

साल 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के एक दशक बाद, भारत का कृषि क्षेत्र साल 2025 तक पूरी तरह से बदल चुका है। कभी कम उत्पादकता, कीमतों में अनिश्चितता और आयात पर निर्भरता से ग्रस्त व्यवस्था, अब रिकॉर्ड उत्पादन, किसानों की सुनिश्चित आय, वैज्ञानिक नवाचार और दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता से भरपूर है।

दरअसल 2025 को महत्वपूर्ण बनाने के पीछे कोई एक योजना या आंकड़ा नहीं है, बल्कि 11 वर्षों के सुधारों का एक सुसंगत और भविष्य के लिए तैयार कृषि ढांचे में एकीकरण है।

**बिखराव से केंद्रित दृष्टिकोण की ओर**

2025 में शुरू की गई प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) ने लक्षित और नतीजों पर फोकस करने वाले कृषि सुधार की दिशा में एक अहम कदम उठाया। केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित और जुलाई में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित यह योजना, 100 कम प्रदर्शन वाले जिलों पर केंद्रित है और इसका मकसद 1.7 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाना है। इसके लिए प्रतिवर्ष 24,000 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, ताकि कम उत्पादकता, जल संकट और ऋण की कमी जैसी मुश्किलों का समाधान किया जा सके।

11 मंत्रालयों की 36 कृषि योजनाओं को एकीकृत करके, पीएमडीडीकेवाई ने खंडित कार्यान्वयन को जिला-स्तरीय समन्वय में तब्दील कर दिया है। एडीपी से प्रेरित यह योजना सिंचाई, भंडारण, प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण और संस्थागत ऋण को प्राथमिकता देती है, जो मिशन-आधारित कृषि बदलाव और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का संकेत है।

**दलहन: आत्मनिर्भरता की ओर एक रणनीतिक सफलता**

वर्ष 2025 में, भारत ने आयात पर निर्भरता कम करने के लिए 11,440 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की। इस मिशन का लक्ष्य 2030-31 तक 350 लाख टन दलहन उत्पादन और 310 लाख हेक्टेयर में दलहन की खेती करना है।

पहली बार, तुअर, उड़द और मसूर उगाने वाले किसानों को बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण बीज वितरण के साथ चार वर्षों के लिए 100% न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) खरीद का आश्वासन दिया गया है। करीब 2 करोड़ किसानों को लाभ पहुँचाने वाला यह मिशन, मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूत करता है, आय को स्थिर करता है और पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देता है, जो दलहन में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी सफलता है।

**कृषि-उद्योग संबंध को मज़बूत बनाना: कपास मिशन**

केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित पांच वर्षीय कपास मिशन का मकसद, किसानों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी मदद देकर उत्पादकता बढ़ाना है, खासकर अतिरिक्त लंबे रेशे वाली कपास की।

गुणवत्तापूर्ण कपास की लगातार आपूर्ति करके, यह मिशन भारत के वस्त्र क्षेत्र को मजबूत करता है, जहां 80% क्षमता लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) द्वारा संचालित है। साथ ही यह कृषि को औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता का प्रमुख चालक बनाकर, खेतों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने के 5एफ दृष्टिकोण को और मज़बूत करता है।

**रिकॉर्ड उत्पादन: एक दशक के सुधारों का परिणाम**

इन नीतिगत फैसलों का असर साल 2025 में साफ तौर पर दिखाई दिया। कृषि मंत्रालय द्वारा नवंबर 2025 में जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने 2024-25 में 357.73 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन के साथ अब तक का सबसे उच्च स्तर हासिल किया।

यह 2015-16 की तुलना में 106 मिलियन टन से अधिक की वृद्धि दर्शाता है, जब उत्पादन 251.54 मिलियन टन था, जो पिछले दस वर्षों में दर्ज की गई सबसे बड़ी वृद्धि है।

**2025 में घोषित प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं:**

* चावल का उत्पादन रिकॉर्ड 1,501.84 लाख टन
* गेहूं का उत्पादन 1,179.45 लाख टन रहा, जो हाल के इतिहास में सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि है
* दालों का उत्पादन 256.83 लाख टन तक पहुंचा
* तिलहन का उत्पादन रिकॉर्ड 429.89 लाख टन तक पहुंचा

2025 की पहली तिमाही में, भारत के कृषि क्षेत्र ने 3.7% की वृद्धि दर्ज की, जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती कृषि अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हासिल की गई संरचनात्मक स्थिरता को दर्शाती है।

**एमएसपी: नीतिगत वादे से आय संरक्षण तक**

इस बदलाव का एक ज़रूरी स्तंभ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मजबूत करना रहा है। 2014 से पहले, सीमित खरीद के कारण एमएसपी अक्सर प्रतीकात्मक ही रहता था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, एमएसपी को एक वास्तविक आय संरक्षण व्यवस्था के रूप में संस्थागत रूप दिया गया है।

2025 में, सरकार ने 14 खरीफ फसलों और सभी अनिवार्य रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी, जिसमें उत्पादन लागत के 1.5 गुना एमएसपी निर्धारित करने के सिद्धांत का सख्ती से पालन किया गया।

**दशक भर की तुलना से साफ होता है:**

* धान की खरीद (2014-15 से 2024-25) 7,608 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई, जबकि इससे पिछले दशक में यह 4,590 लाख मीट्रिक टन थी।
* धान किसानों को एमएसपी भुगतान बढ़कर 14.16 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो 2014 से पहले भुगतान की गई राशि से तीन गुना से अधिक है।
* 14 खरीफ फसलों के लिए कुल एमएसपी भुगतान 16.35 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जबकि पहले यह 4.75 लाख करोड़ रुपए था।
* वर्ष 2025 तक, एमएसपी महज़ एक घोषणा न रहकर, किसानों के लिए एक विश्वसनीय आर्थिक गारंटी बन गया।

**विज्ञान और सतत् विकास पर फोकस**

2025 में, भारत जीनोम-संपादित चावल की किस्मों को विकसित और जारी करने वाला विश्व का पहला देश बन गया, जो कृषि विज्ञान में एक वैश्विक उपलब्धि है।

डीआरआर धान 100 (कमला) और पूसा डीएसटी राइस 1, ये दो किस्में काफी अधिक उपज, शीघ्र परिपक्वता और लवणता तथा क्षारीयता के प्रति सहनशीलता प्रदान करती हैं। अनुशंसित क्षेत्र में खेती से 45 लाख टन अतिरिक्त धान का उत्पादन होने, उत्पादन लागत में कमी आने और जलवायु परिवर्तन के प्रति सशक्तिकरण होने की उम्मीद है।

सतत् विकास पर भी समान रूप से जोर दिया गया। महाराष्ट्र द्वारा मात्र 30 दिनों में 45,911 ऑफ-ग्रिड सौर कृषि पंपों की स्थापना, जिसे 2025 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता दी गई, भारत के हरित कृषि की ओर तेज़ी से बढ़ते कदम का प्रतीक है।

**राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में कृषि**

सार्वजनिक निवेश इस रणनीतिक फोकस को दर्शाता है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के लिए बजटीय आवंटन में भारी वृद्धि हुई है, जो 2013-14 में 21,933.50 करोड़ रुपए से बढ़कर 2025-26 में 1,27,290.16 करोड़ रुपए हो गया है और यह प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में किसानों को दी गई प्राथमिकता को दर्शाता है।

**निष्कर्ष: साल 2025 – भारतीय किसानों के लिए आत्मविश्वास का वर्ष**

वर्ष 2025 प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कृषि सुधारों के एक दशक की सफलता का प्रतीक है। इसने दिखाया कि कैसे सुसंगत नीति, सुनिश्चित मूल्य, वैज्ञानिक नवाचार और एकीकृत शासन कृषि क्षेत्र को विश्वास से भर सकते हैं।

रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और मजबूत एमएसपी से लेकर पीएमडीडीकेवाई और दलहन में आत्मनिर्भरता जैसी परिवर्तनकारी पहलों की मदद से, वर्ष 2025 में भारतीय कृषि की पुरानी परिभाषा अब बिल्कुल बदल चुकी है। अब यह स्थिरता, आत्मनिर्भरता और आकांक्षा से परिभाषित होती है, जो प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ मज़बूती से जुड़ी हुई है।

# यूपी/बिहार/झारखंड

## मातृभाषा को हमेशा याद रखें : राष्ट्रपति मुर्मू




**जमशेदपुर (झारखंड) :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोगों से अपनी-अपनी मातृभाषाओं को कभी न भूलने का सोमवार को आग्रह किया और समाज की बेहतरी के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। वह पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर शहर के बाहरी इलाके करनाडीह में दिशोम जहेरथान प्रांगण में संथाली भाषा की ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह और 22वें संथाली 'पारसी महा' (भाषा दिवस) को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने अपने भाषण की शुरुआत संथाली भाषा में 'जाहेर आयो' (आदिवासी मातृ देवी) की स्तुति में एक प्रार्थना गीत गाकर की। मुर्मू ने संथाली भाषा में भाषण देते हुए कहा, ''सभी तरह की भाषाएं सीखने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन अपनी मातृभाषा को कभी मत भूलिए। जब आप अपने लोगों से बात करें, तो हमेशा अपनी मातृभाषा में बात करने की कोशिश करें।''

### विकसित भारत के लिए अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। मुर्मू ने यहां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है और इस उद्देश्य को प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अनुसंधान, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है।

## शीतकालीन सत्र में एक बार भी सदन की कार्यवाही स्थगित नहीं हुई: विधानसभा अध्यक्ष

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा के हाल में संपन्न हुए शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही को एक बार भी स्थगित नहीं करना पड़ा। प्रदेश की 18वीं विधानसभा का 2025 का तृतीय सत्र 19 दिसंबर हुआ 24 दिसंबर को सम्पन्न हुआ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र में स्थगन समय शून्य रहा तथा स्थगन रहित समय 24 घंटे 50 मिनट रहा। उन्होंने बताया कि इस तरह कुल समयावधि में 24 घंटा 50 मिनट तक सदन की कार्यवाही हुई और सभी निर्धारित विधायी कार्य पूर्ण किए गए। महाना के मुताबिक, चार बैठकों के उपरांत सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया और इस दौरान सदन की कार्यवाही एक बार भी स्थगित नहीं हुई तथा सुचारु एवं विधिवत संचालित हुई। उन्होंने बताया कि इस दौरान कुल प्राप्त प्रश्न 2776 रहे जिनमें से 2650 प्रश्न (95.46 प्रतिशत) सदस्यों से ऑनलाइन प्राप्त हुए तथा सभी प्रश्नोत्तर शासन से ऑनलाइन प्राप्त किए गए जिन्हें सदस्यों एवं पब्लिक पोर्टल पर भी ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया। महाना ने कहा कि नियम-51 के तहत कुल 388 सूचनाएं प्राप्त हुई जिनमें ध्यानकर्षण के लिये 233 सूचनाएं स्वीकार हुई तथा 295 सूचनाएं अस्वीकार हो गयी।

## बहराइच में वन विभाग की टीम ने मारा एक और भेड़िया

**बहराइच (उप्र) :** बहराइच जिले में कैसरगंज वन क्षेत्र के बिरजा पकरिया गांव में वन विभाग की टीम की गोलीबारी में मारे गए सातवें भेड़िये का शव बरामद किया गया। प्रभागीय वन अधिकारी राम सिंह यादव ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि रविवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे भेड़ियों की गतिविधियों वाले बिरजा पकरिया व रोहितपुरवा गांव के निकट तलाश अभियान के दौरान भेड़िये की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। उन्होंने बताया कि टीम ने घेराबंदी कर पीछा शुरू किया तो उन्हें भेड़िया ड्रोन कैमरे में बिरजा पुरवा गांव की तरफ से नदी की ओर भागते हुए दिखाई दिया और उसे पकड़ने में सफलता ना मिलने पर शूटर ने भेड़िये को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गयी। सोमवार को भेड़िये का शव बरामद हुआ। यादव ने बताया कि यह वयस्क नर भेड़िया था और सोमवार को पशु चिकित्सकों की समिति से भेड़िए के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 30 दिसम्बर, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष शुक्लपक्ष दशमी, 07:50 तक, नक्षत्र : भरणी, 27:56 तक, योग : सिद्ध, 24:52 तक, सूर्योदय: 06:11, सूर्यास्त: 16:51, चन्द्रोदय : 12:58, चन्द्रास्त: 01:35, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 14:18 से 15:38

## राशिफल

**मेष :** आज आपको किसी काम को लेकर धैर्य और संयम बनाए रखना होगा। किसी काम को लेकर उतावलापन न दिखाएं। मित्रों का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आपके मन में काम को लेकर कुछ उलझनें रहेगी, उतार-चढ़ाव अधिक रहेंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए धनधान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है, लेकिन आपको कोई बहलाने-फुसलाने की कोशिश कर सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का पूरा साथ मिलेगा। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों में मेहनत अधिक होगी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। परिवार के सदस्यों के साथ आपका अच्छा समय व्यतीत होगा और आपकी अपने दोस्तों से खूब पटेगी।

**कन्या :** आज आपको अपने आलस्य को त्यागकर आगे बढना होगा और अपनी वाणी के सौम्यता बनाए रखनी होगी। किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आपकी इनकम से ज्यादा खर्चा करेंगे,जिससे आपकी टेंशन भी अधिक रहेगी।

**वृश्चिक :** आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। नौकरी में आप बेहतर प्रदर्शन करेंगे, जिससे आप अपने बॉस की आंखों का तारा बनेंगे। आपके प्रमोशन की बात भी आगे बढ़ सकती है।

**धनु :** आज आपको बड़ों का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा। आप अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर लोगों को हैरान करेंगे।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपके बिजनेस में तकनीकी समस्या आने से आप परेशान रहेंगे। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे और आपके खर्च बढ़ेंगे, जो आपको थोड़ी समस्या दे सकते हैं।

## बिहार सरकार का मंत्री की सहायक प्राध्यापक के रूप में नियुक्ति रोकने के निर्णय पर पुनर्विचार का आग्रह

**पटना :** नीतीश कुमार सरकार ने बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (बीएसयूएससी) से ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी की सहायक प्राध्यापक के तौर पर नियुक्ति रोके जाने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक पद पर ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी की नियुक्ति रोके जाने के मामले का जिक्र कर रहे थे। मंत्री की नियुक्ति उनके नाम में कथित विसंगतियों के कारण रोकी गई है। शैक्षणिक प्रमाणपत्रों में वह 'अशोक कुमार' नाम का उपयोग करते हैं, जबकि चुनावी हलफनामे में उनका नाम 'अशोक चौधरी' दर्ज है। शिक्षा मंत्री ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा, हमने मामले को आयोग के पास उनकी राय के लिए वापस भेजा है। हमने इसकी समीक्षा की और कुछ बिंदुओं पर अतिरिक्त टिप्पणियां मांगी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियुक्ति करने की जिम्मेदारी आयोग की है, न कि शिक्षा विभाग की। मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार स्कूल शिक्षा पर केंद्रित है, क्योंकि यही बच्चों की आगे की प्रगति की नींव है। गरीब छात्रों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के सवाल पर मंत्री ने कहा, यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अनिवार्य है और हम इसे इस सत्र से सख्ती से लागू करेंगे। इस संबंध में मैंने निजी स्कूल संघों के साथ बैठक का भी अनुरोध किया है।

## आतंकी खतरे को देखते हुए बिहार में पांच क्षेत्रीय केंद्रों पर तैनात होंगी एटीएस की टीमें

**पटना :** राज्य में बढ़ते आतंकी खतरों की आशंका को देखते हुए बिहार सरकार ने किसी भी आपात स्थिति से त्वरित रूप से निपटने के लिए आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की टीमों को राज्य के पांच क्षेत्रीय केंद्रों पर तैनात करने का निर्णय लिया है। इनमें सीमावर्ती इलाकों और हिंदू एवं बौद्ध धर्म के प्रमुख तीर्थस्थल गया जी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। एटीएस की टीमें पटना, गया जी, पूर्णिया, दरभंगा और मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) में तैनात की जाएंगी। वर्तमान में एटीएस की टीम केवल राज्य की राजधानी पटना में स्थित है और आवश्यकता पड़ने पर वहीं से भेजी जाती है। एटीएस के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) पंकज कुमार दराद ने सोमवार को पत्रकारों को बताया, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने राज्य के गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा है कि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एटीएस की टीमों को राज्य के पांच स्थानों पर तैनात किया जाए। क्षेत्रीय केंद्रों पर तैनात टीमों का नेतृत्व उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी करेंगे। इन टीमों को अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जाएगा ताकि आतंकी स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। दराद ने कहा कि क्षेत्रीय केंद्रों का फोकस सीमावर्ती इलाकों पर अधिक रहेगा और ये अपने आसपास के जिलों की भी निगरानी करेंगे। उनके मुताबिक, ये टीमें स्लीपर सेल, आतंकी गतिविधियों, गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामलों में रिहा या बरी किए गए लोगों तथा सोशल मीडिया पर कट्टरपंथी तत्वों पर भी नजर रखेंगी।

## वर्ष 2028 के सिंहस्थ कुंभ मेले से पहले प्रदूषण से मुक्त होगी क्षिप्रा : मोहन यादव



**इंदौर :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को कहा कि उज्जैन में वर्ष 2028 के दौरान लगने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले से पहले क्षिप्रा नदी को प्रदूषण से पूरी तरह मुक्त किया जाएगा और इस विशाल धार्मिक आयोजन के दौरान लाखों श्रद्धालु इसके शुद्ध जल में स्नान करेंगे। सिंहस्थ कुंभ मेला भगवान शिव के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग वाली धार्मिक नगरी उज्जैन में हर 12 साल में क्षिप्रा नदी के तट पर लगता है। यादव ने इंदौर जिले के चित्तौड़ा गांव में एक श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम के समापन समारोह में कहा, ''सिंहस्थ कुंभ मेले के दौरान श्रद्धालु क्षिप्रा नदी के शुद्ध जल में स्नान करेंगे। इसके लिए बारिश के दौरान एक जलाशय में पानी जमा किया जाएगा जिसे धीरे-धीरे क्षिप्रा में छोड़ा जाएगा। इससे इस नदी में सतत प्रवाह बना रहेगा।'' उन्होंने कहा कि श्रद्धालु सिंहस्थ कुंभ मेले के दौरान क्षिप्रा नदी के जल से पूरी श्रद्धा के साथ आचमन भी करते हैं, इसलिए इस नदी के पानी की शुद्धता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। यादव ने जोर देकर कहा कि आगामी सिंहस्थ कुंभ मेला पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3307

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | | ■ | 7 | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | | ■ | ■ |
| 20 | | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| ■ | 24 | 25 | | ■ | 26 | | | ■ | |
| 27 | ■ | | ■ | 28 | | ■ | ■ | 29 | |
| 30 | | | | ■ | 31 | | | | ■ |

*बायें से दायें:-* 1) नीला *(रंग)*, 4) एक देश, 7) खुशामदी, 9) खातापीता; अधिक; संपन्न, 11) गणवेश, 12) सस्ता; अल्पभार, 14) अगला दिन, 15) केरलीय, 17) बचाबुचा, 19) वस्तु का ऊपरी भाग, 20) सीमा, 21) विकासक, 22) सुविधा, 24) अयोध्या, 26) अवनति, 28) पवन झकोरा, 29) स्पष्ट; बेदाग़, 30) स्वस्थ, 31) अपरिचित.

*ऊपर से नीचे:-* 2) राम का जनक, 3) अधम, 4) भूकंप, 5) रग, 6) एक मांसाहारी पक्षी, 8) राजप्रासाद, 10) शिकार, 11) इत्यादि, 13) आकार, 14) लोकोक्ति, 16) एक कंद *(मसाला)*, 18) दुर्घटना, 19) घबराना, 23) बढ़ाई, 25) नाविक, 27) चुसकी, 29) निर्मल.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| द | ला | ल | ■ | बे | ■ | त | ह | ख़ा | ना |
| ■ | ■ | ड़ | ■ | श | रा | बी | ■ | लि | ■ |
| हा | नि | का | र | क | ■ | अ | क | स | र |
| ल | ■ | ■ | ह | ■ | प | त | ■ | ■ | फू |
| त | ब | सु | म | ■ | रो | ■ | खा | रौं | च |
| ■ | ग | ■ | ■ | स | क्ष | म | ■ | ■ | क्क |
| चा | ल | च | ल | न | ■ | ग | द्दे | दा | र |
| बु | ■ | कि | ■ | क | बी | र | ■ | स्ता | ■ |
| क | र | त | बी | ■ | ता | ■ | धु | न | ना |

## सुडोकू-पहेली-3265

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | 1 | | | | 5 |
| | | | | | | 3 | | |
| | 3 | | 6 | 5 | | | 9 | 7 |
| | 5 | 6 | 4 | | 7 | 1 | | |
| | | | 2 | | | | | |
| | | | | 9 | | | 6 | 8 |
| | | 3 | | | 2 | | | |
| | | 5 | | 8 | | | | |
| | | | 3 | | | | | 1 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3264 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 | 9 |
| 2 | 4 | 6 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 5 | 8 | 9 | 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 2 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 4 | 6 |
| 3 | 1 | 7 | 6 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 |



### तृणमूल विधायकों के हंगामे के बाद निर्वाचन आयोग सख्त, कहा...

# ‘सुनवाई में नहीं होगी बूथ एजेंटों की एंट्री’

❑ **एसआईआर प्रक्रिया में किसी तरह की राजनीतिक दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं : निर्वाचन आयोग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़ी दावों और आपत्तियों की सुनवाई को लेकर निर्वाचन आयोग ने साफ कर दिया है कि किसी भी राजनीतिक दल के बूथ स्तरीय एजेंटों को सुनवाई कक्ष में मौजूद रहने की अनुमति नहीं होगी। चुनाव आयोग ने साफ संकेत दिया है कि एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी तरह की राजनीतिक दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयोग का यह रुख उस घटना के बाद सामने आया है, जब सोमवार को हुगली जिले के एक केंद्र पर चुंचुरा विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस विधायक आसीत मजूमदार ने जबरन सुनवाई प्रक्रिया रुकवा दी थी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल के कार्यालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि सुनवाई के दौरान किसी भी राजनीतिक दल का बूथ स्तरीय एजेंट मौजूद पाया गया, तो संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे। इसके साथ ही जिला दंडाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारियों को भी भविष्य में इस तरह की किसी भी घटना के लिए जवाबदेह ठहराया गया है। निर्वाचन आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि यदि कहीं सुनवाई को जबरन रोकने की सूचना मिलती है, तो संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी को स्वयं मौके पर पहुंचना होगा। अधिकारी के मुताबिक, यदि आगे भी इस तरह की घटनाएं होती हैं, तो आयोग अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए सुनवाई केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम लागू कर सकता है।

## विशेष श्रेणी के मतदाताओं के घर जाकर पूरी की जाएगी सुनवाई प्रक्रिया : सीईओ

**राज्य में विशेष श्रेणी के मतदाताओं की परेशानी कम करने के लिए चुनाव आयोग कार्यालय ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने साफ किया है कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग, विशेष रूप से सक्षम व्यक्ति, किसी भी उम्र के गंभीर रूप से बीमार मतदाता और गर्भवती महिलाओं को सुनवाई के लिए बुलाया नहीं जाएगा। इन सभी मामलों में घर जाकर सुनवाई का नोटिस दिया जाएगा और प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को हुए एक घटनाक्रम के बाद पुलिस महानिदेशक और पुलिस आयुक्त को सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि राज्य पुलिस के माध्यम से सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। विशेष पर्यवेक्षक सी. मुरुगन के साथ हुई घटना की पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी, पुलिस महानिदेशक और नोडल पुलिस अधिकारी से मांगी गई है। पायलट कार उपलब्ध न कराए जाने के आरोप सहित सभी पहलुओं की रिपोर्ट आने के बाद जांच की जाएगी। जरूरत पड़ने पर राज्य सरकार केंद्रीय बल की मांग भी भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष रखेगी।**

### दिलीप घोष ने अमित शाह की तारीफों के पुल बांधे

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में विधानसभा चुनावों की तैयारी में भाजपा जुट गयी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 3 दिन के बंगाल दौरे पर आए हैं। इससे पहले प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने अमित शाह की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि अमित शाह के मार्गदर्शन में ही राज्य में पार्टी का व्यापक विस्तार हुआ है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार, अमित शाह का आगमन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत होता है। दिलीप घोष ने कहा कि जिस प्रकार अमित शाह ने पिछले हर चुनाव में आगे बढ़कर नेतृत्व प्रदान किया है, वही ऊर्जा इस बार भी देखने को मिल रही है। वर्तमान में, पार्टी कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ संगठन को बढ़ाने में जुटे हैं।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना डीटीई_जेएमपी_13/25-26, दिनांक 24.12.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (निर्माण), जमालपुर वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जिला -मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** "क्रेन शॉप में 140 टी क्रेन डीईटीसी और टॉवर कार की स्टॉकिंग सामग्री के लिए नए शेड का निर्माण और वर्कशॉप के अंदर डब्ल्यूआरएस-III आदि की फ्लोरिंग"। **विज्ञापित निविदा मूल्य :** रु.2,35,25,558/- **बयाना राशि:** रु. 2,67,600/-, **खुलने की तिथि:** दिनांक 23.01.2026, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। MISC-341/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Name Change**

It is for general information that I, Akash Kumar Singh S/o Shiv Kumar Singh R/o 16, Brindaban Basak Street, Hatkhola, VTC-Hatkhola, S.o, Dist-Kolkata, West Bengal-700005, declare that name of mine and my father has been wrongly written as Akash Kr Singh and Shiv Kr Singh respectively in my 10th Class School Certificate cum marksheet. The actual name of mine and my father are Akash Kumar Singh and Shiv Kumar Singh respectively, which may be amended accordingly.

### साल के आखिरी रविवार को चिड़ियाघर में उमड़ा जनसैलाब

**कोलकाता :** क्रिसमस के दिन रही सुस्ती के बाद साल के आखिरी रविवार को अलीपुर चिड़ियाघर में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वन्यजीव प्रेमियों की मौजूदगी से चिड़ियाघर परिसर खचाखच भर गया। आंकड़ों के अनुसार, रविवार को कुल 71,100 दर्शक अलीपुर चिड़ियाघर पहुंचे। भीड़ के मामले में दूसरे स्थान पर इको पार्क रहा, जहां 49,294 लोगों की आवा-जाही दर्ज की गई। चिड़ियाघर प्रशासन का कहना है कि क्रिसमस के दिन कम भीड़ का कारण गूगल मैप से जुड़ी तकनीकी गड़बड़ी थी, जिसके चलते लोग चिड़ियाघर तक नहीं पहुंच पाए। हालांकि साल के अंतिम रविवार को उमड़ी भारी भीड़ ने इस दावे को सही साबित कर दिया है।

### बंगाल के मनीषियों को श्रद्धांजलि और जनसेवा का संकल्पः

## ‘सेबाश्रय-2’ शिविर का अभिषेक बनर्जी ने किया निरीक्षण

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव एवं डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को ‘सेबाश्रय-2’ कार्यक्रम के 27वें दिन विष्णुपुर मॉडल कैंप का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग लोगों को व्हीलचेयर प्रदान की। इसका उद्देश्य उनके आवागमन को सुगम बनाना और उन्हें आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने में सहयोग देना रहा। अभिषेक बनर्जी की यह पहल ‘सेबाश्रय-2’ कार्यक्रम के सेवा और संवेदना के मूल भाव को और अधिक मजबूत करती है।

कैंप निरीक्षण के दौरान अभिषेक बनर्जी ने मदर टेरेसा, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर,



काजी नजरुल इस्लाम, राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और श्रीरामकृष्ण परमहंस को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके माध्यम से उन्होंने बंगाल के महान विचारकों और समाज सुधारकों के आदर्शों के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की।

इसके बाद सांसद ने विष्णुपुर मॉडल कैंप में उपस्थित मरीजों से बातचीत की और उनकी समस्याओं तथा अनुभवों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आम लोगों की जरूरतों और परेशानियों को समझकर समाधान करना ही इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है। अभिषेक बनर्जी का यह दौरा इस संदेश को स्पष्ट करता है कि शासन और राजनीति तभी सार्थक होती है, जब वह सेवा, करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ जुड़ी हो। ‘सेबाश्रय-2’ जैसे कार्यक्रम समाज के कमजोर और वंचित वर्ग के जीवन में आशा, आत्मविश्वास और सम्मान की नई राह खोलने का कार्य कर रहे हैं।

### आज बांकुड़ा में मुख्यमंत्री ममता की सभा



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी सोमवार की दोपहर दुर्गापुर पहुंची। जिला प्रशासन और तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों के मुताबिक, दुर्गापुर पहुंचने पर वह राज्य सरकार के श्रीदन्ना सर्किट हाउस में रात्रि-प्रवास कीं। मंगलवार की सुबह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए दुर्गापुर सर्किट हाउस से सड़क के रास्ते बांकुड़ा के लिए रवाना होंगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दौरे को लेकर दुर्गापुर के श्रीदन्ना सर्किट हाउस को लगभग सुरक्षा के घेरे में ले लिया गया है। सोमवार की दोपहर तक जिला प्रशासन और आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट ने सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का जायजा लिया। इसके अलावा, अलग-अलग विभागों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री के दौरे की उम्मीद में दुर्गापुर शहर भर में प्रशासनिक गतिविधियां और आम लोगों में उत्साह बढ़ रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 173-175-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 24.12.2025 (पोर्शन सप्लाई और सिविल कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला - मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं. 173-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम** : पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में वरिष्ठ मंडल अभियंता-III के अधिकार क्षेत्र के तहत यार्ड सुधार पर्यवेक्षण के संबंध में एल्युमिनो थर्मिट एसकेवी प्रक्रिया द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग और पोर्शन की सप्लाई के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु.96,18,304.77, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 174-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम** : पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में वरिष्ठ मंडल अभियंता-II के अधिकार क्षेत्र के तहत यार्ड सुधार और पर्यवेक्षण के संबंध में एल्युमिनो थर्मिट एसकेवी प्रक्रिया द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग और पोर्शन की सप्लाई के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,81,66,874.86, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 175-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर अधिकार क्षेत्र के तहत यार्ड के सुधार एवं उन्नयन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 9,36,07,415.05, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 15.01.2026 को 15.30 बजे प्रत्येक हेतु। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** www.ireps.gov.in/ और डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन। MLD-275/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Tender NOTICE**
**NIT-23 of 2025-2026**

Executive Engineer, Diamond Harbour Highway Division, P.W (Roads) Directorate invites sealed tender for the following work vide this office Memo No. 1251/C-39, dated-29.12.2025 (SL No., Name of the Road (Location), Estimated Amt.

1. Construction of Temporary barricading at Sagar Island, Rs. 7,71,881.00
2. Construction of piligrims pathway from K1 Bus stand to Jalal More at Sagar Island, Rs. 11,73,096.00

**LAST DATE OF APPLICATION:** On 02.01.2026 UP TO 13:00 HRS..
Other details of N.I.T. may be seen from this office notice board during office hours..

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. : डब्ल्यू_एलएलएच_12_2025-26_आर3, दिनांक 27.12.2025,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बिजली, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** "डीईएन/1/हावड़ा के अधीन लिलुआ (02 अदद), सेवड़ाफुली (01 अदद) और तारकेश्वर (01 अदद) में 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओएच टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक के प्रतिस्थापन" नामित कार्य के संबंध में पंप हाउस का पुनर्वास एवं विद्युतीकरण। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 82,479.95, **बयाना राशि :** रु.1,700/-, **निविदा के बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 20.01.2026 को 14.00 बजे। वेबसाइट जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in** MISC-343/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## क्या बहुमंजिला आवासों में बनेंगे मतदान केंद्र?

❑ **मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारियों से सीधे बातचीत करेगी आयोग**

**कोलकाता :** राज्य के बहुमंजिला भवनों और हाउसिंग सोसाइटी में मतदान केंद्र स्थापित करने को लेकर निर्वाचन आयोग और अधिक सक्रिय हो गया है। इस उद्देश्य से आयोग का प्रतिनिधि दल मंगलवार को कोलकाता उत्तर व दक्षिण, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना के जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) के साथ सीधी बैठक करेगा।

आयोग सूत्रों के अनुसार, इस बैठक की अध्यक्षता उप निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश भारती करेंगे। दोपहर के समय यह बैठक राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में आयोजित होने की संभावना है। उप



निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश भारती मंगलवार को ही दिल्ली से कोलकाता पहुंचेंगे।

गौरतलब है कि हाल ही में निर्वाचन आयोग के पास एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें राज्य के विभिन्न बहुमंजिला आवासों और हाउसिंग सोसाइटी में मतदान केंद्र बनाने को लेकर अनिच्छा जताए जाने की बात सामने आई थी। इस रिपोर्ट के बाद राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग ने मामले में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए थे। उसी क्रम में यह बैठक आयोजित की जा रही है।

## फर्जी ऑनलाइन भुगतान कर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, सोने का ब्रेसलेट बरामद

**कोलकाता :** नेताजी नगर थाना के डीडी के दर्ज एक ठगी के मामले में वॉच सेक्शन, डीडी ने आरोपी को गिरफ्तार कर सोने का कंगन बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, 18 अक्टूबर 2025 की रात करीब 8 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ग्राहक बनकर शिकायतकर्ता की आभूषण दुकान में पहुंचा। आरोपी ने ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से सोने का ब्रेसलेट खरीदने का झांसा देकर दुकानदार को विश्वास में लिया। कंगन का वजन करीब 9.8 ग्राम था, जिसकी कीमत लगभग 1,38,500 रुपये बताई गई है।

आरोपी ने जानबूझकर फर्जी ऑनलाइन लेन-देन किया और शिकायतकर्ता के मोबाइल पर



भुगतान होने का एक नकली एसएमएस दिखाया। संदेश को सही मानकर दुकानदार ने कंगन उसे सौंप दिया। बाद में पता चला कि खाते में कोई राशि जमा नहीं हुई है। इसके बाद आरोपी सोने का कंगन लेकर फरार हो गया। घटना एच.के. ज्वेलर्स, 111/4ए, राजा एस.सी. मल्लिक रोड, कोलकाता में घटी थी।

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने दुकान के सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर उसका विश्लेषण किया। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी की पहचान विशाल चोपड़ा (27), निवासी बेकरी रोड, हेस्टिंग्स, कोलकाता के रूप में हुई। अदालत के आदेश पर 26 दिसंबर 2025 को उसे हिरासत में लिया गया।

कड़ी पूछताछ के बाद आरोपी के बयान के आधार पर करीब 9.8 ग्राम वजन का वही सोने का ब्रेसलेट बरामद कर विधिवत जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है।

### बेहाला में चाय पीते समय युवक को लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के बेहाला के जेम्स लॉन्ग सरणी में चाय पीते समय एक युवक को गोली मार दी गई। मिली जानमकारी के अनुसार, रविवार की रात उक्त युवक शिमुलतला में अड्डा मारने गया था। वह चाय पी रहा था। तभी, अचानक उसके पेट में गोली लग गई और वह दर्द से तड़पने लगा। पहले तो यह साफ नहीं हुआ कि गोली किसने चलाई, लेकिन बाद में पता चला कि पास के तीन मंजिला मकान की छत से एक 17 साल के नाबालिग ने कथित तौर पर चिड़िया मारने वाली बंदूक से उसे गोली मार दी। गोली अभिषेक नाम के युवक के पेट में जा लगी। दोस्त उसे पहले विद्यासागर हॉस्पिटल ले गए। फिर, वहां से युवक को एसएसकेएम में भर्ती कराया गया। हालांकि, सवाल उठ रहे हैं कि नाबालिग ने अभिषेक पर गोली क्यों चलाई? पुलिस ने नाबालिग और उसके पिता को हिरासत में ले लिया है। अभिषेक के परिवार ने बताया है कि अभिषेक की नाबालिग से कोई जान-पहचान नहीं है, और किसी दुश्मनी का सवाल ही नहीं उठता। पुलिस नाबालिग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

**DEBRA THANA SAHID KSHUDIRAM SMRITI MAHAVIDYALAYA (AUTONOMOUS)**
CHAKSHYAMPUR, DEBRA, PASCHIM MEDINIPUR-721124
www.debracollege.ac.in

**Notice Inviting Quotation**

Tender No- dtsksm/NIT76/25 dated:29.12.2025

Sealed quotations are hereby invited from reputed companies/suppliers/agencies with suitable credentials for supply of miscellaneous items/works for 8th Regional Science Congress Technology and for college. Detailed list is available in the website www.debracollege.ac.in and in the college notice board. All sealed tenders are to be submitted in tender box kept in Principal's office in company letterhead along with bank account details, GST certificate and suitable credentials. Rate must be inclusive of all taxes.

- Last date and time for submission of quotation: 09-01-2026 till 4 p.m.
- Date & Time of opening of quotation: 10-01-2026 at 2.00 p.m.

Interested Bidders may remain present at the time of opening of tender

(Dr. Rupa Dasgupta)
Principal

## कैनिंग स्टेडियम में एमएलए कप फाइनल में अभिनेता अंकुश की झलक के लिए मची भगदड़

### एक बच्चा समेत सात घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में बड़े आयोजनों के दौरान भीड़ नियंत्रण में विफलता की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। साल्टलेक के युवा भारती क्रीड़ांगन में विख्यात फुटबालर मेस्सी के कार्यक्रम और विष्णुपुर मेले के बाद अब दक्षिण 24 परगना के कैनिंग स्टेडियम में भी भारी अव्यवस्था देखने को मिली। रविवार को एमएलए कप के फाइनल मैच के दौरान एक अभिनेता की झलक पाने की होड़ में भगदड़ मच गई, जिसमें एक मासूम बच्चे समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन सभी घायलों का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के पीछे की मुख्य वजह क्षमता से अधिक टिकटों की बिक्री और सुरक्षा इंतजामों की कमी को माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, कैनिंग स्टेडियम की कुल बैठने की क्षमता लगभग 7,500 है, लेकिन आयोजकों पर आरोप है कि उन्होंने इससे कहीं ज्यादा टिकट बेच दिए। फाइनल मुकाबला गरिया और न्यूटाउन की टीमों के बीच था, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर अभिनेता अंकुश को शामिल होना था। मैच दोपहर 3 बजे शुरू होना था, लेकिन अपने पसंदीदा सितारे को देखने के लिए सुबह 8 बजे से ही हजारों की भीड़ जुटने लगी। सुबह 11.30 बजे तक स्थिति अनियंत्रित हो गई। भीड़ ने पुलिस के सामने ही बैरिकेड्स और गेट तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की, जिससे लोग एक-दूसरे के ऊपर गिर पड़े। पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए घायलों को कैनिंग उप-मंडल अस्पताल पहुंचाया। इनमें से एक व्यक्ति की हालत बिगड़ने पर उसे कोलकाता के चित्तरंजन नेशनल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल रेफर किया गया है। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है कि आखिर क्षमता से ज्यादा टिकट क्यों जारी किए गए।

## गेस्ट हाउस में घुसकर प्रेमिका को मारा चाकू, प्रेमी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिले की एक महिला को कोलकाता के एक गेस्ट हाउस में उसके कथित प्रेमी ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चेन्नई निवासी प्रदीप कुमार सेल्वराज (40) नामक व्यक्ति को 38 वर्षीय महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि महिला ने प्रदीप पर उसकी हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दर्ज शिकायत के हवाले से बताया कि यह घटना रविवार को मध्य कोलकाता में बीबी गांगुली स्ट्रीट स्थित एक अतिथि गृह में उस समय हुई, जब वहां जाते ही महिला एवं प्रदीप के बीच कहासुनी हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रदीप ने महिला पर कथित तौर पर धारदार हथियार से कई बार हमला किया, जिससे उसके कंधे, बांहों और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें आईं। इसके बाद, आरोपी अतिथि गृह से भाग गया। अतिथि गृह के कर्मचारियों ने मुचीपाड़ा थाने को घटना की सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर बाद में आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्या: जीईएम/2025/बी/7048101, दिनांक: 27.12.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (पर्यावरण गृह व्यवस्था प्रबंधन एवं मालभाड़ा), हावड़ा, पूर्व रेलवे, नया मंडल रेल प्रबंधक बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बोली आमंत्रित की जाती है: **बिड का विवरण: वस्तु श्रेणी:** सेवाओं के लिए कस्टम बिड-खुली निविदा के आधार पर 02 वर्ष की अवधि के लिए दुर्घटना स्थल की पटरी से उतरने वाली जगह पर 24 घंटे की उपलब्धता के तहत ड्राइवर ईंधन आदि सहित बीडी सामग्री के परिवहन के लिए एक बंद बॉडी वाले एलसीवी ट्रक क्षमता 5 एमटी को किराए पर लेना। **समान श्रेणी:** माल परिवहन सेवा-प्रति किमी आधारित सेवा। **अनुबंध अवधि:** 2 वर्ष। **अनुमानित बिड मूल्य :** रु.14,11,200/-, **ईएमडी का विवरण: एडवाइजरी बैंक:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी की राशि :** रु.28,224/-, **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 90 दिन। **बिड बंद होने की तारीख/समय:** 17.01.2026 को 12.00 बजे। **बिड खुलने की तारीख/समय:** 17.01.2026 को 12.30 बजे। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का):** रु.11 लाख। **उन्हीं/समान सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष :** 3 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है:** हाँ। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज़ :** अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया), *यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **बिड का प्रकार:** दो पैकेट बिड। **मूल्यांकन पद्धति:** कुल मूल्य-वार मूल्यांकन। HWH-490/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

## मतदाता सूची की गड़बड़ियों और सुनवाई प्रक्रिया पर तृणमूल प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ से की मुलाकात

**कोलकाता, समाज्ञा :** मतदाता सूची के विशेष सत्यापन और सुनवाई प्रक्रिया को लेकर तृणमूल कांग्रेस के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में तीन मंत्री और दो सांसद शामिल थे। बैठक में मतदाता सूची में भारी गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए विसंगतियों की पूरी सूची सार्वजनिक करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में सांसद पार्थ भौमिक और बापी हालदार के साथ राज्य मंत्री डॉ. शशि पांजा, पुलक रॉय और बीरबाहा हांसदा मौजूद थे। नेताओं ने मतदाता सूची के सत्यापन की मौजूदा प्रक्रिया और जिस तरीके से सुनवाई की जा रही है, उस पर कड़ी आपत्ति जताई। उनका आरोप है कि बड़े पैमाने पर



विसंगतियां सामने आई हैं, लेकिन चुनाव आयोग की ओर से इस पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही। बैठक के बाद, मीडिया से बात करते हुए पार्थ भौमिक ने कहा कि चुनाव आयोग ने करीब 1.36 करोड़ मतदाताओं के नामों में विसंगति होने की बात कही है और इन्हें सुनवाई के लिए बुलाने की घोषणा की गई है। इसके बावजूद अब तक उन मतदाताओं की विस्तृत सूची सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि नागरिकों का यह मौलिक अधिकार है कि उन्हें पता हो कि उनका नाम विसंगति वाली सूची में है या नहीं। प्रतिनिधिमंडल ने बुजुर्ग और विशेष रूप से सक्षम मतदाताओं को व्यक्तिगत रूप से सुनवाई के लिए बुलाए जाने पर भी कड़ा विरोध दर्ज कराया। पार्थ भौमिक ने इसे अमानवीय बताते हुए कहा कि इससे समाज के कमजोर वर्गों की गरिमा को ठेस पहुंचती है। उन्होंने मांग की कि ऐसी प्रक्रिया तुरंत रोकी जाए और जरूरत पड़ने पर अधिकारी खुद मतदाताओं के घर जाकर प्रक्रिया पूरी करें। बैठक में यह सवाल भी उठाया गया कि सुनवाई प्रक्रिया से बूथ स्तर एजेंटों को क्यों बाहर रखा जा रहा है। मंत्री शशि पांजा ने कहा कि जब प्रपत्र वितरण के समय बूथ स्तर एजेंटों को मौजूद रहने की अनुमति है, तो सुनवाई जैसे अहम चरण में उन्हें बाहर रखने का कोई औचित्य नहीं है। इसके अलावा, राज्य से बाहर या विदेश में रह रहे मतदाताओं, खासकर प्रवासी मजदूरों का मुद्दा भी उठाया गया। तृणमूल कांग्रेस ने मांग की कि ऐसे मतदाताओं को आभासी माध्यम से सुनवाई में शामिल होने की अनुमति दी जाए और यदि वे तय तारीख पर उपस्थित न हो सकें तो उन्हें दूसरी तारीख दी जाए। प्रतिनिधिमंडल का दावा है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने इन सभी मुद्दों पर भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखने और स्पष्ट दिशा निर्देश मांगने का आश्वासन दिया है। शशि पांजा ने कहा कि आयोग बुजुर्गों, विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों और प्रवासी मतदाताओं से जुड़े मामलों में समाधान निकालने की कोशिश करेगा। पार्थ भौमिक ने कहा कि यदि इन मांगों पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो प्रतिनिधिमंडल फिर से आएगा और इसके बाद आगे की रणनीति मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तय करेंगी।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# एक साथ इतने सार्वजनिक पद संभालना क्या संभव है? नियुक्ति मामले में हाई कोर्ट का सवाल

❑ **अगली सुनवाई 31 दिसंबर को**

**कोलकाता :** नियुक्ति से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य ने अहम सवाल उठाया कि क्या एक व्यक्ति एक साथ इतने सार्वजनिक पदों पर नियुक्त रह सकता है। अदालत ने नियुक्ति प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और प्रशासनिक लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए पारदर्शी और त्रुटिरहित भर्ती प्रणाली सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

याचिकाकर्ताओं के वकील ने अदालत को बताया कि वर्ष 2016 के एसएलएसटी के तहत ये अभ्यर्थी विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार उनकी सेवाएं 31 अगस्त तक मान्य हैं। इस बीच उन्होंने प्राथमिक शिक्षक पद के लिए भी आवेदन किया है। मालदा डीपीएससी और उत्तर 24 परगना डीपीएससी की ओर से उन्हें नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं और 31 दिसंबर तक ज्वाइन करने को कहा गया है। याचिका में कहा गया कि उत्तर 24 परगना डीपीएससी ने 31 अगस्त तक ज्वाइनिंग की अनुमति दी है, जबकि मालदा



डीपीएससी की ओर से अभी कोई स्पष्ट निर्देश नहीं मिला है।

इस पृष्ठभूमि में अदालत से अनुरोध किया गया कि ज्वाइनिंग की समयसीमा 31 अगस्त तक बढ़ाने का निर्देश दिया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि अभ्यर्थी वर्ष 2025 की नियुक्ति प्रक्रिया में भी शामिल हैं, जो अभी जारी है, इसलिए अंतिम निर्णय तक पदों को रिक्त रखा जाए। आयोग के वकील ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इस तरह लंबे समय तक पदों को खाली नहीं रखा जा सकता।

न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य ने टिप्पणी की कि अभ्यर्थी पहले नियुक्ति ग्रहण करें और बाद में अदालत में कोई व्यवस्था होने पर इस्तीफा दिया जा सकता है। अदालत ने मालदा डीपीएससी को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 31 दिसंबर को निर्धारित की।

गौरतलब है कि न्यायमूर्ति भट्टाचार्य इससे पहले भी विभिन्न मामलों में नियुक्ति प्रक्रिया में बार-बार आ रही समस्याओं पर सवाल उठा चुके हैं। उन्होंने टेट विज्ञापन, प्रशिक्षणार्थियों को अवसर देने और बीएड से जुड़े कथित घोटालों सहित शिक्षक व पुलिस भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोपों पर भी चिंता व्यक्त की है। कुछ मामलों में अदालत ने इन आरोपों की जांच के लिए केंद्रीय एजेंसियों को निर्देश देने के साथ प्रशासनिक विफलताओं पर भी कड़ी टिप्पणी की है।

# राज्य में कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया गया, उन पर झूठे मामले दर्ज किए गए : शुभेंदु अधिकारी



**पूर्व मेदिनीपुर :** भाजपा नेता व नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को आरोप लगाया कि राज्य की पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं को 'प्रताड़ित' कर रही है और उनके खिलाफ 'झूठे मामले' दर्ज किए जा रहे हैं। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने पूर्व मेदिनीपुर जिले में अपने निर्वाचन क्षेत्र नंदीग्राम में एक भाजपा कार्यकर्ता की गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के कथित उत्पीड़न में शामिल लोगों को तृणमूल कांग्रेस संरक्षण दे रही है। यह रैली भाजपा मंडल अध्यक्ष के भाई की गिरफ्तारी और स्थानीय पुलिस द्वारा उनके परिजनों के कथित उत्पीड़न के विरोध में आयोजित की गई। नेता प्रतिपक्ष इससे पहले नंदीग्राम थाना भी गए थे, जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ता की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधिकारियों से तीखी बहस की थी। उन्होंने पुलिस कार्रवाई को 'भाजपा समर्थकों के खिलाफ लक्षित कदम' करार दिया था। नंदीग्राम बस अड्डे से शुरू होकर जानकीनाथ मंदिर पर समाप्त हुए विरोध मार्च में महिला कार्यकर्ताओं समेत बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक शामिल हुए। भाजपा विधायक ने कहा कि पांच जनवरी को अदालत का अवकाश समाप्त होने के बाद हम अपने कार्यकर्ता की रिहाई के लिए उसका दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने दावा किया कि वह 'हिंदुओं को ममता बनर्जी सरकार की दया पर' नहीं छोड़ेंगे। अधिकारी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं और हिंदुओं का उत्पीड़न मुसलमान नहीं कर रहे हैं, बल्कि शराब पीने, जुआ खेलने और अन्य असामाजिक गतिविधियों में लिप्त लोग कर रहे हैं। ये लोग सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के समर्थक हैं और अत्याचारों के लिए जिम्मेदार हैं।

## अमेजन पर 1 जनवरी से शुरू होंगे 'गेट फिट डेज', फिटनेस प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** नए साल की शुरुआत में अमेजन अपने ग्राहकों के लिए 'गेट फिट डेज' 1 जनवरी 2026 से आयोजित कर रहा है। इस इवेंट में ग्राहक फिटनेस और स्पोर्ट्स से जुड़े कई उत्पादों पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकेंगे। व्हूप 5.0, व्हूप वन और व्हूप पीक जैसे लेटेस्ट वियरेबल्स के अलावा योनेक्स, लाईफलॉन्ग और अन्य प्रमुख ब्रांड्स के स्पोर्ट्स और फिटनेस गियर उपलब्ध होंगे। इवेंट के दौरान डेबिट और क्रेडिट कार्ड से 4,000 रुपये की न्यूनतम खरीद पर 1,000 रुपये तक का अतिरिक्त 10% डिस्काउंट भी मिलेगा। अमेजन इंडिया के डायरेक्टर कार्तिक सुब्बारायप्पा ने बताया कि ग्राहकों की बढ़ती फिटनेस रुचि को ध्यान में रखते हुए अमेजन लगातार नई रेंज और लॉन्च पेश कर रहा है।

## रिंकू सेन के इंटरव्यू पर हाईकोर्ट की रोक

❑ **मामले का अंतिम फैसला 5 जनवरी को नियमित पीठ में होगा**

**कोलकाता :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने एसएससी की नवम-दशम श्रेणी की नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े रिंकू सेन के इंटरव्यू पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य के आदेश पर अवकाशकालीन डिवीजन बेंच ने स्थगनादेश जारी किया है।

रिंकू सेन को एसएससी की नवम-दशम इंटरव्यू प्रक्रिया के तहत 19 दिसंबर को दक्षिण-पूर्व ज़ोन में इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। सेन का दावा है कि उस दिन बीमारी के कारण वह इंटरव्यू बोर्ड के समक्ष उपस्थित नहीं हो सके। इसके बाद उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर कर वैकल्पिक ज़ोन में इंटरव्यू की व्यवस्था करने की मांग की थी।

न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने याचिकाकर्ता की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए एसएससी को निर्देश दिया था कि रिंकू सेन के लिए अन्य ज़ोन में इंटरव्यू की व्यवस्था की जाए। इस आदेश को चुनौती देते हुए एसएससी प्राधिकरण ने डिवीजन बेंच में अपील दायर की। एसएससी का तर्क था कि इस तरह की राहत देने से भविष्य में अन्य उम्मीदवार भी समान मांग कर सकते हैं।

मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रवि किशन कपूर और न्यायमूर्ति अजय गुप्ता की अवकाशकालीन डिवीजन बेंच ने एकल पीठ के आदेश पर रोक बरकरार रखने का निर्देश दिया। अब इस मामले का अंतिम निर्णय 5 जनवरी को नियमित पीठ में लिया जाएगा। फिलहाल पूरा मामला हाईकोर्ट के अंतिम आदेश की प्रतीक्षा में है।

## एसआईआर : सुनवाई से पहले पुरुलिया में बुजुर्ग की मौत, रेलवे लाइन से शव बरामद

**पुरुलिया :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रही सुनवाई के बीच पुरुलिया जिले से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है। पारा विधानसभा क्षेत्र के चौटाला गांव में दुर्जन मांझी (82) की मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि एसआईआर सुनवाई के डर के कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली। परिवार का कहना है कि दुर्जन मांझी का नाम 'अनमैप्ड श्रेणी' में आने के बाद उन्हें एसआईआर सुनवाई के लिए नोटिस मिला था। सुनवाई सोमवार को होने वाली थी। घरवालों का कहना है कि नोटिस मिलने के बाद से ही वे लगातार तनाव में थे और बार-बार यह कहते थे कि कहीं उन्हें बांग्लादेश भेज न दिया जाए। परिवार का दावा है कि



इसी डर के कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह दुर्जन मांझी सुनवाई में जाने के लिए घर से निकले थे। बताया जा रहा है कि ब्लॉक कार्यालय उनके घर से करीब 10 किलोमीटर दूर है। परिवार के मुताबिक, वे ऑटो या टैक्सी बुलाने के लिए घर से बाहर निकले थे, लेकिन कुछ ही देर बाद आद्रा डिवीजन की अनारा-रुकनी रेलवे लाइन पर ट्रेन के सामने कूद गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

## नौशाद के रास्ते पर हुमायूं, सुरक्षा के लिए केंद्रीय बल की मांग को लेकर हाई कोर्ट जाएंगे भरतपुर के विधायक

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस से निलंबन के बाद नया राजनीतिक दल गठित करने वाले भरतपुर के विधायक हुमायूं कबीर ने अपनी सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारी में जुटे हुमायूं कबीर ने अब केंद्रीय बल की सुरक्षा की मांग को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया है।

सोमवार को विधायक हुमायूं कबीर ने स्वयं इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल उन्हें तीन पुलिसकर्मियों की सुरक्षा मिली हुई है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में यह सुरक्षा पर्याप्त नहीं है। सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच



उन्होंने केंद्रीय सुरक्षा बल उपलब्ध कराने की मांग के साथ हाईकोर्ट में याचिका दायर करने का फैसला किया है।

हुमायूं कबीर का यह कदम भांगड़ के विधायक नौशाद सिद्दीकी के हालिया रुख की तर्ज पर माना जा रहा है, जिन्होंने भी सुरक्षा के मद्देनज़र केंद्रीय बल की मांग की थी। चुनावी माहौल के मद्देनज़र इस फैसले को राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है।

# बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में वैज्ञानिक विमर्श का सशक्त मंच

### डॉ. ए. के. द्विवेदी का प्रभावशाली वैज्ञानिक व्याख्यान

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता स्थित बिस्वा बंगला कन्वेंशन सेंटर में होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह एवं ऑल इंडिया होम्योपैथी कांग्रेस के दौरान आयोजित वैज्ञानिक सत्रों में एप्लास्टिक एनीमिया और हायपोप्लास्टिक बोन मैरो डिसऑर्डर पर होम्योपैथी की सफलता पर चर्चा की गई। इंदौर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक और प्रोफेसर डॉ. ए.के. द्विवेदी ने हॉल नंबर-6 में एप्लास्टिक एनीमिया: रोग की पैथोफिजियोलॉजी एवं होम्योपैथिक दृष्टिकोण विषय पर प्रभावशाली वैज्ञानिक व्याख्यान दिया। उन्होंने रोग-प्रक्रिया, होम्योपैथिक प्रबंधन, नैदानिक अनुभव और शोध आधारित निष्कर्ष सरल और व्यावहारिक भाषा में प्रस्तुत किए।

डॉ. द्विवेदी ने प्राकृतिक आहार जैसे गुड़-चना, गुड़-बादाम, गुड़-तिल आदि को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और रिकवरी में सहायक बताया। साथ ही गंभीर रोगियों में प्रारंभिक पीआरपी, एसडीपी और पैक्ड सेल्स की भूमिका और बाद में उनका बंद करना आवश्यक बताया। सम्मेलन के अंतिम दिन पैरेलल साइंटिफिक सेशन्स में डॉ. द्विवेदी को को-चेयरपर्सन के रूप में विशेष सम्मान मिला। उन्होंने कहा, होम्योपैथी की वास्तविक शक्ति वैज्ञानिक अनुशासन, ईमानदार क्लिनिकल प्रैक्टिस और प्रमाण आधारित केस डॉक्युमेंटेशन में निहित है। तीन दिवसीय यह सम्मेलन होम्योपैथिक शिक्षा, शोध और क्लिनिकल उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक मील का पत्थर साबित हुआ।

## लाहाबोन-सिमुलतला खंड में ट्रैक अवरोध, कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा**

जसीडीह-झाझा खंड में लाहाबोन और सिमुलतला के बीच ट्रैक में बाधा के कारण इस रूट पर ट्रेन संचालन प्रभावित हुआ है। इसके चलते कई ट्रेनें रद्द या डायवर्ट की गई हैं। रद्द की गई ट्रेनों में 30 दिसंबर को जसीडीह से झाझा के लिए चलने वाली 63565 मेमू और जसीडीह से कीउल के लिए चलने वाली 63573 मेमू शामिल हैं। डायवर्ट की गई ट्रेनों में 29 दिसंबर को चलने वाली 15027 समबलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस को धनबाद-गया-कीउल मार्ग से गाया में स्टॉपेज के साथ, 12351 हावड़ा-राजेंद्रनगर एक्सप्रेस को प्रधानकुंठा-धनबाद-गया-पटना मार्ग से, धनबाद और गया में स्टॉपेज के साथ डायवर्ट किया जाएगा। इसी प्रकार, 13287 दुर्ग-आरा एक्सप्रेस, 22213 शालीमार-पटना दुरोंतो एक्सप्रेस, 13019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस, 18181 टाटानगर-थावे एक्सप्रेस, 18449 पुरी-पटना एक्सप्रेस, 18622 हटिया-पटना एक्सप्रेस और 13331 धनबाद-पटना एक्सप्रेस भी अलग-अलग मार्गों से डायवर्ट होंगी। इसके अतिरिक्त, 30 दिसंबर को चलने वाली 63209 देवघर-पटना मेमू यात्रा जसीडीह से शॉर्ट ऑरिजिनेट होगी।

## दक्षिण पूर्व रेलवे ने सांकराइल में नया कोचिंग टर्मिनल विकसित करने की योजना बनाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा प्रमुख शहरों में कोचिंग टर्मिनलों के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस संबंध में कहा कि प्रमुख शहरों में कोचिंग टर्मिनलों का विस्तार किया जा रहा है, जिससे रेलवे नेटवर्क का उन्नयन होगा और देशभर में कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार आएगा। दपूरे के अनुसार, अगले पांच वर्षों में प्रमुख शहरों से चलने वाली ट्रेनों की क्षमता को मौजूदा स्तर से दोगुना करने की आवश्यकता है। इसके लिए वर्तमान अवसंरचना का विस्तार किया जाएगा और वर्ष 2030 तक ओरिजिनेटिंग क्षमता बढ़ाने की व्यापक योजना तैयार की गई है।

दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत कोलकाता, टाटानगर और रांची को इस योजना के लिए चिन्हित किया गया है। कोलकाता क्षेत्र में खड़गपुर मंडल के अंतर्गत सांकराइल में एक नया कोचिंग टर्मिनल सह कोचिंग डिपो विकसित करने की योजना बनाई गई है।

वर्तमान में हावड़ा, सांतरागाछी और शालीमार खड़गपुर मंडल के प्रमुख कोचिंग टर्मिनल हैं, जहां से औसतन 30 महत्वपूर्ण मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें संचालित होती हैं, साथ ही 76 जोड़ी उपनगरीय लोकल ट्रेनों का भी आवागमन होता है। इन टर्मिनलों की क्षमता पूरी तरह संतृप्त हो चुकी है और आसपास घनी आबादी होने के कारण विस्तार की संभावना सीमित है।

इसी को ध्यान में रखते हुए आबादा और सांकराईल स्टेशन के पास, जहां पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, नया टर्मिनल विकसित किया जाएगा। यह प्रस्तावित टर्मिनल रेल और सड़क मार्ग से अच्छी तरह जुड़ा होगा तथा एनएच-16 से मात्र 2.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रहेगा। इसके निर्माण के बाद कोलकाता क्षेत्र से नई यात्री ट्रेनों के संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा।

## मैदान मेट्रो स्टेशन पर यात्री के कूदने से मेट्रो सेवाएं प्रभावित, बाद में सामान्य हुईं

**कोलकाता :** मैदान मेट्रो स्टेशन पर शाम करीब 5.58 बजे एक यात्री ने अप लाइन की आ रही मेट्रो के सामने छलांग लगा दी। घटना के तुरंत बाद यात्री को बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। घटना के कारण ब्लू लाइन पर मेट्रो सेवाएं आंशिक रूप से प्रभावित रहीं। इस दौरान दोनों दिशाओं में सेंट्रल से दक्षिणेश्वर और महानायक उत्तम कुमार से शहीद खुदीराम स्टेशन के बीच ही मेट्रो का संचालन किया गया। मेट्रो प्रशासन के अनुसार, स्थिति सामान्य होने के बाद शाम 6.46 बजे ब्लू लाइन के पूरे मार्ग पर मेट्रो सेवाएं फिर से सामान्य रूप से शुरू कर दी गईं। घटना को लेकर यात्रियों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### आपातकालीन मेंटेनेंस के कारण 'आमार कोलकाता मेट्रो' ऐप रहा बाधित, सेवा बहाल

**कोलकाता :** बैक-एंड सर्वर में अचानक आपातकालीन रखरखाव (मेंटेनेंस) कार्य के कारण 'आमार कोलकाता मेट्रो' ऐप कुछ समय के लिए आंशिक रूप से बाधित रहा। इस दौरान ऐप कई उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ नहीं हो पाया, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। मेट्रो प्रशासन की ओर से बताया गया कि तकनीकी समस्या को दूर करने के लिए तुरंत आपातकालीन मेंटेनेंस कार्य शुरू किया गया। आवश्यक अपग्रेडेशन का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। अब 'आमार कोलकाता मेट्रो' ऐप पूरी तरह से बहाल हो चुका है और सामान्य रूप से कार्य कर रहा है। मेट्रो प्रशासन ने इस असुविधा के लिए यात्रियों से खेद व्यक्त किया है।

## न्यू ईयर ईव पर मेट्रो यात्रियों के लिए खुशखबरी, ब्लू लाइन में 8 अतिरिक्त सेवाएं



❑ **शहीद खुदीराम से अंतिम मेट्रो रात 10:30 बजे रवाना होगी**

**कोलकाता :** नए साल के जश्न को देखते हुए मेट्रो रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 31 दिसंबर को ब्लू लाइन में अतिरिक्त मेट्रो सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है। न्यू ईयर ईव की रात सुगम और तेज आवागमन सुनिश्चित करने के लिए उस दिन ब्लू लाइन में कुल आठ अतिरिक्त मेट्रो सेवाएं (4 अप और 4 डाउन) संचालित की जाएंगी।

ये विशेष सेवाएं दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम के बीच चलेंगी। इसके अलावा शहीद खुदीराम से दमदम तक एक अतिरिक्त मेट्रो सेवा भी चलाई जाएगी।

■ **अतिरिक्त मेट्रो सेवाओं का समय इस प्रकार है-**

❑ **दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम की ओर :** रात 9:40 बजे, 9:52 बजे, 10:05 बजे और 10:18 बजे।

❑ **शहीद खुदीराम से दक्षिणेश्वर की ओर :** रात 9:54 बजे, 10:04 बजे और 10:17 बजे।

❑ **शहीद खुदीराम से दमदम की ओर :** रात 10:30 बजे (अंतिम मेट्रो)।

मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, ये सभी अतिरिक्त अप और डाउन सेवाएं 31 दिसंबर की रात 9:40 बजे के बाद संचालित होंगी। ब्लू लाइन में पहली मेट्रो सेवा के समय में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है।

वहीं, ग्रीन लाइन, येलो लाइन, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन में मेट्रो सेवाएं 31 दिसंबर को सामान्य रूप से संचालित होती रहेंगी।

# जीव को शिव बनाने की कथा है महाशिवपुराण:स्वामी मुक्तानंद



**लक्ष्मणगढ़(राजस्थान)/कोलकाता :** हमारे जीवन की कथा महाशिवपुराण से संबंधित है। यह जीव को शिव बनाने की कथा है। यह प्रत्येक जीव का कल्याण करती है। महाशिवपुराण से आपके भाव पवित्र हो जाते हैं। यह शिव स्वरूप है। आज पूरी दुनिया में बच्चे से लेकर बूढ़े तक सभी तनावग्रस्त है। सारे तनाव-बिमारियों की जड़ हमारा मन है। तनाव-बिमारियों से मुक्त होना हो तो श्रद्धा से महाशिवपुराण कथा का श्रवण करना चाहिए। शिव तत्व ही सबका आधार है। अज्ञानता में सभी चीजें सच दिखती है।हमारा मन बड़ा कच्चा है। इसको बलबान बनाने की जरूरत है। सड़कों पर जो मील के पत्थर होते हैं वे सिर्फ निर्देशित करती है कि यहां से वह स्थान कितनी दूरी है। इसी तरह हमारे शास्त्र निर्देशित करते हैं। चलना आपका काम है। आहार, विहार और व्यवहार शुद्ध करके स्वस्थ रूप से जीना सीखो। शिव आराधना से सारे विकारों की निवृत्ति होती है। ये बातें संयुक्त रूप से लक्ष्मणगढ़ और कोलकाता की संस्था लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद के तत्वावधान में श्री महाशिवपुराण कथा पर प्रवचन करते हुए स्वामी मुक्तानंद महाराज ने शकुंतला वाटिका सभागार में कही। कार्यक्रम को सफल बनाने कोलकाता के पदाधिकारी राजेश मित्तल, अशोक चूड़ीवाल, संदीप तोदी, अनिल मुरारका, सुरेन्द्र चमड़िया, सुरेन्द्र शर्मा, विजय जालान और लक्ष्मणगढ़ के पदाधिकारी विष्णु भूत, निशांत गोयनका, लक्ष्मीकांत चूड़ीवाल, सुनील बुबना, विनीता पुजारी, सोनू सोमानी सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे।

## गंगासागर मेला में 10 जनवरी से बजरंग परिषद का 109वां सेवा शिविर



**कोलकाता :** गंगासागर मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए बजरंग परिषद की ओर से इस वर्ष 109वां सेवा शिविर आयोजित किया जा रहा है, जो 10 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक संचालित होगा। यह शिविर गंगासागर मेला क्षेत्र में रोड नंबर-2, सूचना केंद्र के समीप, नामखाना के कचूबेड़िया (लॉट-8) में लगाया जाएगा। परिषद के सेवा सचिव प्रेमनाथ दुबे ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर कपिल मुनि के दर्शन और गंगासागर संगम में पुण्य स्नान के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। ऐसे में बजरंग परिषद सामाजिक दायित्व निभाते हुए वर्षों से निःस्वार्थ भाव से तीर्थयात्रियों की सेवा में जुटी हुई है। शिविर को सफल बनाने के लिए परिषद के अध्यक्ष अरविंद बियानी, उपाध्यक्ष विमल केडिया, सांवरमल गोयल, सुरेंद्र बंसल, कोषाध्यक्ष सुदीप नोपानी सहित अनेक पदाधिकारी और स्वयंसेवक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# आर्य समाज कोलकाता के 140वें स्थापना वर्ष पर छह दिवसीय वैदिक महोत्सव संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्य समाज कोलकाता द्वारा 23 से 28 दिसंबर तक सिमला व्यायाम समिति प्रांगण में आयोजित 140वें स्थापना वर्ष समारोह के अंतर्गत छह दिवसीय वैदिक महोत्सव ने पूरे शहर को आध्यात्मिक ऊर्जा और राष्ट्र चेतना से भर दिया। इस महोत्सव में भारत, नेपाल और बांग्लादेश के साथ-साथ भारत के विभिन्न राज्यों से आए हजारों आर्यजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिदिन प्रातः यज्ञ, वेद पाठ, योग-ध्यान और भजन-कीर्तन से पंडाल भक्तिमय बना रहा। यज्ञ ब्रह्मा आनंद पुरुषार्थी जी द्वारा वैदिक विधि से सम्पन्न कराए गए यज्ञों में श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित कर समाज और राष्ट्र के कल्याण की कामना की। प्रसिद्ध वैदिक भजन गायक संदीप आर्य गिल (मेरठ) की सुमधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। उनके भजनों ने श्रोताओं के मन में वैदिक संस्कृति के प्रति नई ऊर्जा और जीवन को वेदों के मार्ग पर ढालने का संकल्प जगाया।

वेद सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. योगेश भारद्वाज ने कहा कि वेद केवल पूजा-पाठ के ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण विधा हैं। महिला सम्मेलन की अध्यक्ष आचार्य अर्चना जी शास्त्री ने महिलाओं से अपने घर को संस्कारों की पाठशाला बनाने का आह्वान किया। राष्ट्र रक्षा सम्मेलन के अध्यक्ष स्वामी




आर्यवेश जी ने युवाओं से नशा-मुक्त और अनुशासित जीवन अपनाने का संदेश दिया। समापन दिवस पर आयोजित ऋषि लंगर में हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर सामाजिक समरसता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। यह छह दिवसीय महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक संस्कार और वैदिक संस्कृति का आंदोलन बनकर सामने आया। आर्य समाज कोलकाता के अध्यक्ष दीपक आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन कर सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का अभिनंदन किया। यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए वैदिक ज्ञान और संस्कृति का प्रकाश स्तंभ बन गया।

# हावड़ा स्टेशन का विकास योजना: वर्ष 2030 तक यात्री क्षमता दोगुनी करने की दिशा में बड़ा कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की लगातार बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए देश के प्रमुख शहरों से चलने वाली ट्रेनों की क्षमता को अगले पांच वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में कोलकाता और उससे जुड़े क्षेत्रों सहित प्रमुख महानगरों में वर्ष 2030 तक ओरिजिनेटिंग क्षमता बढ़ाने के लिए व्यापक विकास योजना तैयार की गई है। इस योजना के तहत मौजूदा रेलवे अवसंरचना को मजबूत और विस्तारित किया जा रहा है, ताकि भविष्य की आवश्यकताओं को समय रहते पूरा किया जा सके। देश के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण रेलवे टर्मिनलों में से एक, हावड़ा स्टेशन-जो 'सिटी ऑफ जॉय' कोलकाता का प्रमुख प्रवेश द्वार है-आने वाले वर्षों में क्षमता और सुविधाओं के लिहाज से बड़े बदलाव से गुजरने जा रहा है।

❑ **हावड़ा स्टेशन पर यातायात क्षमता बढ़ाने के प्रमुख कार्य**

पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा हावड़ा स्टेशन की टर्मिनल क्षमता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। इनका उद्देश्य ट्रेनों के संचालन को अधिक सुचारु बनाना, स्टेशन पर बढ़ती भीड़भाड़ को कम करना और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में प्लेटफॉर्म संख्या 15 के पुनर्निर्माण और बड़े पैमाने पर विस्तार का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस प्लेटफॉर्म की लंबाई 312 मीटर से बढ़ाकर 591 मीटर कर दी गई है। पहले यहां केवल 12 कोच की ईएमयू ट्रेनों का संचालन संभव था, जबकि अब 22 से 24 कोच वाली लंबी दूरी की मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों को भी आसानी से लिया जा सकेगा, जिससे ट्रेनों की प्रतीक्षा अवधि में कमी आएगी।

इसी तरह प्लेटफॉर्म संख्या 14 का विस्तार कर उसकी लंबाई 564 मीटर से बढ़ाकर 581 मीटर कर दी गई है। इसके अलावा क्षमता विस्तार के तहत दो नए प्लेटफॉर्म बनाए जा रहे हैं। इनमें प्लेटफॉर्म संख्या 24 (635 मीटर) लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए उपयुक्त होगा, जबकि प्लेटफॉर्म संख्या 16 (300 मीटर) 12 कोच की ट्रेनों के संचालन में सहायक रहेगा। साथ ही प्लेटफॉर्म संख्या 10, 11, 12 और 13 के विस्तार की भी योजना है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से हावड़ा स्टेशन की टर्मिनल हैंडलिंग क्षमता में बड़ा सुधार होगा।

इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, हम प्रमुख शहरों में कोचिंग टर्मिनलों का विस्तार कर रहे हैं, ताकि बढ़ती यात्री मांग को पूरा किया जा सके और भीड़भाड़ को कम किया जा सके। यह कदम रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाएगा और देशभर में कनेक्टिविटी को और सशक्त करेगा।

# एसआईआर : मगराहाट में चुनाव आयोग के विशेष पर्यवेक्षक को करना पड़ा विरोध का सामना



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के मगराहाट इलाके में सोमवार को चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त विशेष पर्यवेक्षक सी. मुरुगन को तीखे विरोध का सामना करना पड़ा। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में बड़ी संख्या में महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए उनके वाहन पर हमला किया और कार के पिछले दरवाजे का लॉक क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रदर्शनकारी महिलाएं एसआईआर के खिलाफ नारे लगा रही थीं और साथ ही केंद्र सरकार पर 100 दिन के काम की योजना का फंड रोकने का आरोप भी लगा रही थीं। गो बैक के नारे लगाते हुए भीड़ ने पर्यवेक्षक की कार को घेर लिया, जिससे स्थिति कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गई। यह घटना मगराहाट-2 क्षेत्र में उस समय हुई, जब सी. मुरुगन डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत एक स्कूल में चल रही सुनवाई में शामिल होने पहुंचे थे। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि सुनवाई केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट-2 की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। हालात ऐसे हो गए कि मौके पर मौजूद पुलिस भी स्थिति को तुरंत नियंत्रित नहीं कर सकी। भारी विरोध के कारण विशेष पर्यवेक्षक को सुनवाई कक्ष में प्रवेश करने के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। सुनवाई समाप्त होने के बाद बाहर निकलते समय भी उन्हें इसी तरह के विरोध का सामना करना पड़ा। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए सी. मुरुगन ने कहा कि वह चुनाव आयोग के प्रतिनिधि के रूप में वहां आए थे और उन्होंने अपना काम नियमानुसार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं और चुनाव आयोग के प्रतिनिधि के तौर पर अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए उन्हें किसी सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है। फिलहाल, इस घटना को लेकर चुनाव आयोग और जिला प्रशासन की ओर से स्थिति की समीक्षा की जा रही है।

13वें वार्षिक उत्सव में बोले सांसद कल्याण बनर्जी,

## 'लोकतंत्र को निष्पक्ष पत्रकारिता की सख्त जरूरत'



**हुगली :** जिले के श्रीरामपुर स्थित आरएमएस मैदान में श्रीरामपुर प्रेस क्लब के 13वें वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीरामपुर के सांसद कल्याण बनर्जी ने पत्रकारों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि आज के दौर में लोकतंत्र को निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता की सबसे अधिक आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से पत्रकारिता की निष्पक्षता लगातार कमजोर होती जा रही है, जो लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। कल्याण बनर्जी ने अपने संबोधन में न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर भी विचार रखते हुए कहा कि क्या न्यायाधीश स्वतंत्र हैं, क्या न्यायपालिका स्वतंत्र है-इसका उत्तर कौन देगा? इसका उत्तर केवल न्यायाधीश ही दे सकते हैं कि वे स्वतंत्र हैं या नहीं, कोई और यह तय नहीं कर सकता लेकिन यदि कोई न्यायाधीश स्वयं से पूछे कि 'क्या मैं स्वतंत्र हूं या नहीं', तो इसका उत्तर उसके अपने अंतःकरण से ही मिल सकता है। यही वह बिंदु है जहां समानता और नैतिकता का प्रश्न खड़ा होता है। इस अवसर पर थैलेसीमिया से प्रभावित बच्चों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। समारोह में राज्य के तृणमूल कांग्रेस नेता एवं मंत्री बाबुल सुप्रियो विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने सुरीले गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विधायक अरिंदम गुइन, विधायक सुदीप्त राय, मंत्री स्नेहाशीष चक्रबर्ती, रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा, कोन्ननगर नगरपालिका के चेयरमैन स्वपन कुमार दास, सीआईसी संतोष सिंह सहित कई अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि हुगली प्रेस क्लब (श्रीरामपुर) का उद्घाटन स्वयं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किया था।

### कटवा का लापता बीएलओ पुरी से मिला

**पूर्व बर्दवान :** आखिरकार, लापता बीएलओ अमित कुमार मंडल को पुरी के समुद्र किनारे से मिला। बीएलओ को पूर्व बर्दवान के कटवा थाने की पुलिस पुरी से लाई। बीएलओ अमित कुमार मंडल को मंगलवार को कटवा सब-डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उनका गुप्त बयान भी रिकॉर्ड किया जाएगा। बता दें कि कटवा-1 ब्लॉक के खजूरडीही पंचायत के बिकीहाट इलाके के रहने वाले अमित कुमार मंडल एसआईआर की सुनवाई शुरू होने से पहले अचानक लापता हो गए। वह केतुग्राम के पक्षारनपुर प्राइमरी स्कूल में टीचर थे। वह कटवा में बूथ नंबर 23 के इंचार्ज हैं। इस दिन, लापता बीएलओ ने दावा किया कि मैं थोड़ा उदास था, इसलिए घर पर बिना कुछ बताए चला गया। मैं टहलने के लिए बाहर गया था। साथ ही, उसने दावा किया कि मैं एसआईआर के काम के प्रेशर की वजह से नहीं, बल्कि टहलने के लिए बाहर गया था।

## हावड़ा में एसआईआर हियरिंग नोटिस के डर से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के ग्रामीण इलाके में एसआईआर की हियरिंग नोटिस मिलने के बाद एक वृद्ध की दिल की बिमारी से मौत हो गई। मृतक का नाम शेख जमात अली (70) है। परिवार का आरोप है कि वृद्ध की मौत सीधे तौर पर हियरिंग नोटिस के कारण उत्पन्न डर और मानसिक तनाव के चलते हुई। जानकारी के अनुसार, मृतक शेख जमात अली लंबे समय से हावड़ा में रह रहे थे। उनके परिवार में पत्नी और बच्चे हैं, उनका एक बेटा राजमिस्त्री का काम करता है और वृद्ध भिक्षावृत्ति कर जीवन यापन करते थे। परिवार का दावा है कि वे लगभग 50 वर्षों से वोट देते आए हैं, लेकिन 2002 के वोटर लिस्ट में उनका नाम शामिल नहीं था। रविवार को बीएलओ ने उन्हें हियरिंग में उपस्थित होने के लिए नोटिस दिया और पुराने बैंक पासबुक जैसे दस्तावेज साथ रखने के लिए कहा। हियरिंग नोटिस मिलने के बाद वृद्ध डर और चिंता में पड़ गए। पुत्रवधू ने बताया कि जमात अली बार-बार पूछते रहे, क्या मुझे बांग्लादेश भेज देंगे?। इसके बाद, हृदय रोग के कारण उनकी मौत हो गई। राज्य में एसआईआर लागू होने के बाद विभिन्न क्षेत्रों से ऐसी घटनाओं की खबरें सामने आई हैं। कुछ लोग डर के कारण आत्महत्या कर चुके हैं, जबकि कई लोग मानसिक दबाव और भय के कारण बीमार होकर जीवन गंवा बैठे हैं। कार्यभार के चलते कई बीएलओ ने भी आत्महत्या जैसी चरम सीमा अपनाई है।

## एसआईआर में अनियमितता के खिलाफ जारी रहेगी तृणमूल कांग्रेस की लड़ाई : अरिंदम गुइन



**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के सेवड़ाफुली स्थित तृणमूल कांग्रेस के श्रीरामपुर सांगठनिक कार्यालय में सोमवार को एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता की अध्यक्षता हुगली जिला तृणमूल कांग्रेस के सांगठनिक अध्यक्ष एवं चांपदानी के विधायक अरिंदम गुइन ने की। इस मौके पर विधायक असीमा पात्रा और वरिष्ठ नेत्री मौसमी चटर्जी भी मौजूद रहीं। प्रेसवार्ता में आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए तृणमूल कांग्रेस की 110 सदस्यीय जिला सांगठनिक कमेटी में शीर्ष नेतृत्व द्वारा किए गए सकारात्मक संशोधनों की जानकारी दी गई। अरिंदम गुइन ने कहा कि संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से यह बदलाव किए गए हैं, जिसमें युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर आम नागरिकों को जिस तरह परेशान किया जा रहा है, तृणमूल कांग्रेस उसके खिलाफ लगातार संघर्ष कर रही है और आगे भी करती रहेगी। अरिंदम गुइन ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग के जरिए भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता हासिल करने के लिए एक बड़ा षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने कहा 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी घंटों लाइन में खड़ा रहने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह पूरी तरह अमानवीय है। तृणमूल कांग्रेस आम लोगों की लड़ाई लड़ रही है और हम लड़ाई के मैदान में डटे रहेंगे। प्रेसवार्ता में वक्ताओं ने कहा कि 2011 के बाद से पश्चिम बंगाल में जनहित योजनाओं में क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं और ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। आज युवा, महिलाएं और विशेष रूप से युवतियां भी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, जो राज्य की लोकतांत्रिक ताकत को और मजबूत कर रही हैं। विधायक असीम पात्रा और मौसमी चटर्जी ने भी संगठनात्मक मजबूती और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया।

## मध्य रास्ते में बंद हुई मतदाता सूची संशोधन की सुनवाई

### चुंचुड़ा, मोगरा ब्लॉक कार्यालय में तनाव

**हुगली :** चुंचुड़ा-मोगरा ब्लॉक कार्यालय में चल रही मतदाता सूची संशोधन से जुड़ी सुनवाई को बीच में ही बंद कर दिया गया। तृणमूल कांग्रेस के विधायक असित मजूमदार ने मांग की कि बीएलए-2 को सुनवाई कक्ष में प्रवेश की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि यदि इस संबंध में चुनाव आयोग की ओर से कोई निषेधाज्ञा है, तो उसे लिखित रूप में प्रस्तुत किया जाए।

इसी मांग को लेकर लगभग आधे घंटे तक सुनवाई स्थगित रही, जिससे ब्लॉक कार्यालय परिसर में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, रविवार को पार्टी के सांसद अभिषेक बनर्जी ने राज्य के बीएलआरओ के साथ एक वर्चुअल बैठक की थी। उस बैठक में उन्होंने सलाह दी थी कि यदि सुनवाई के दौरान बीएलआरओ को उपस्थित रहने की अनुमति नहीं दी जाती है, तो संबंधित लिखित निर्देशिका की मांग की जाए। उसी निर्देश का पालन करते हुए विधायक और पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विरोध दर्ज कराया। अब तक प्रशासन की ओर से इस विषय में कोई लिखित निर्देशिका प्रस्तुत नहीं की गई है, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि सुनवाई दोबारा कब शुरू होगी। इससे पूरे मामले को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

# राज्य में हिंसा के लिए तृणमूल जिम्मेदार : समिक भट्टाचार्य



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य ने सोमवार को राज्य की वर्तमान स्थिति को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। सॉल्टलेक स्थित भाजपा कार्यालय से मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा और अराजकता के लिए पूरी तरह तृणमूल कांग्रेस जिम्मेदार है। समिक भट्टाचार्य ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शीघ्र ही पश्चिम बंगाल का दौरा करने वाले हैं। इस दौरान वह पार्टी के राजनीतिक एवं संगठनात्मक मामलों को लेकर कई महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अधिकांश हिंसक घटनाओं में मुसलमान शामिल हैं, लेकिन हिंसा के शिकार भी मुसलमान ही हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पीड़ित परिवारों ने स्वयं स्वीकार किया है कि इन घटनाओं के पीछे तृणमूल कांग्रेस की भूमिका है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हुमायूं कबीर की पार्टी तृणमूल कांग्रेस की प्लान-बी है। जब तृणमूल चुनाव में धांधली करने में असफल होती है, तब ऐसे तत्वों का सहारा लिया जाता है, जिनका उद्देश्य पश्चिम बंगाल को वेस्ट बांग्लादेश में बदलना है। उन्होंने कहा कि राज्य में लोकतंत्र, कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द को बचाने के लिए जनता को सचेत होना होगा और तृणमूल कांग्रेस की राजनीति को करारा जवाब देना होगा।

## बंगवासी मैथिल उन्नयन समिति ने कोलकाता में भव्यता के साथ विद्यापति पर्व समारोह किया आयोजित

- **मिथिला के सुपरस्टार गायक विकास झा व उनकी टीम ने अपनी सुमधुर गीतों से बांधा समां**
- **बंगाल सरकार में मंत्री जावेद अहमद खान व अन्य विशिष्ट लोग समारोह में हुए उपस्थित**



**कोलकाता :** बंगबासी मैथिल उन्नयन समिति, कोलकाता ने लगातार तीसरे वर्ष रविवार को महानगर में बहुत भव्यता के साथ विद्यापति पर्व समारोह- 2025 का आयोजन किया। कोलकाता के पिकनिक गार्डन रोड स्थित कांटापुकुर मैदान में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कसबा विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक और बंगाल सरकार में मंत्री जावेद अहमद खान व अन्य विशिष्ट लोग उपस्थित हुए। समारोह में मिथिला के सुपरस्टार गायक विकास झा व उनकी टीम ने अपनी सुमधुर गीतों की शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। कोलकाता व आसपास उपनगरीय इलाकों में रहने वाले बड़ी संख्या में प्रवासी मिथिला वासी इस कार्यक्रम के गवाह बने और देर रात तक चले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह डीएम हॉस्पिटल के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के माध्यम से हुई, जिसका उद्घाटन मैथिली समाज के जाने-माने व्यक्ति लाल बहादुर शास्त्री ने किया। इस शिविर में मौजूद विशेषज्ञ चिकित्सकों से करीब ढाई सौ लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वास्थ्य शिविर के उपरांत शाम 4 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ। शुरुआत में श्री निमाई चंद्र बाउल ने शानदार बाउल गीत पेश कर मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद संस्था द्वारा मैथिली भाषा में महाभारत लिखने के लिए पंडित बुद्धिनाथ झा और मैथिली समाज के उत्थान के लिए काम करने के लिए श्री विवेकानंद झा को मिथिला वैभव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंत्री जावेद खान ने अपने संबोधन में समाजसेवा के मूल मंत्र पर ज़ोर देते हुए संस्था के सेवामूलक कार्यों की प्रशंसा की। संस्था के अध्यक्ष श्रीनारायण झा ने कहा कि उनकी संस्था बंगाल में मैथिली भाषा को बढ़ावा देने और सभी लोगों के बीच अपने सास्कृतिक विचारों और मिथिला परंपराओं को फैलाना की दिशा में कार्य कर रही है। इसके अलावा समिति कोलकाता में रहने वाले प्रवासी मिथिला समाज के गरीब व पिछड़े लोगों के लिए नौकरी ढूंढने और मुश्किल समय में उनके साथ खड़े रहने का काम कर रही है। समारोह में मौजूद विभिन्न मैथिल व अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों को भी संस्था द्वारा पाग व दोपट्टा देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के बाद प्रसिद्ध गायक विकास झा सहित उनकी टीम के गुड्डू सिंह, कुमारी अर्चना यादव, पूजा झा रुचि व डेजी ठाकुर ने अपने गानों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उद्घोषक के तौर पर अंकित झा ने भी श्रोताओं को अपनी चुटीले हास्य से खूब हंसाया।

आयोजन को सफल बनाने में अखिलेश्वर झा, डॉ. दयानाथ मिश्रा, अशोक झा, अन्नपूर्णा मिश्रा, रोशन झा, आनंद मोहन झा, ब्रजेश झा, कैलाश मिश्रा, ललन रॉय, भवेश झा, श्रवण झा, प्रदीप झा, चंदन झा, सोनू झा, मनोहर झा, रितेश झा, रश्मि झा, कुणाल कांति झा, वस्तली झा, राजकुमार कामती, प्रेम झा, संपूर्णानंद सिंह, मिथिलेश सिंह व अन्य का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### नगर निगम की वाटर पाइप चोरी मामले में चार गिरफ्तार

**आसनसोल :** सरकारी संपत्ति की सुरक्षा को लेकर नियामतपुर चौकी पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पानी की पाइप चोरी के एक मामले का पर्दाफाश किया है। दिनदहाड़े चल रही इस चोरी के मामले में पुलिस ने चोरों को रंगे हाथों पकड़ा और हाइड्रोलिक क्रेन व 12 चक्का ट्रक के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोमवार की सुबह करीब 9 बजे नियामतपुर चौकी को सूचना मिली थी कि कुल्टी थाना क्षेत्र के अंतर्गत इस्को बाइपास रोड के आसपास सरकारी पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाये गये पाइप चोरी किये जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना देर किए मौके की घेराबंदी की और शिशु तीर्थ स्कूल के समीप एक खेत में छापा मारा। वहां देखा गया कि हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से पाइप उखाड़े जा रहे हैं और उन्हें एक बड़े ट्रक में लादा जा रहा है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन लोगों को मौके पर ही दबोच लिया। घटनास्थल से एक हाइड्रा क्रेन और 12 पहियों वाला भारी ट्रक भी जब्त किया गया। पुलिस का कहना है कि चोरी किए जा रहे पाइप आसनसोल नगर निगम की पेयजल योजना से जुड़े थे, जिनका उपयोग आम नागरिकों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए किया जाना था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इमरान अंसारी (हाइड्रा चालक, जो नियामतपुर का निवासी है), इंज़ामाम अंसारी (हाइड्रा हेल्पर जो निवासी साकतोड़िया, कुल्टी) और प्रेमचंद्र प्रसाद (ट्रक चालक जो जामुड़िया थाना इलाके का निवासी है) के रूप में की गई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ सरकारी संपत्ति की चोरी सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। तीनों आरोपितों को सोमवार की दोपहर आसनसोल जिला अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने सात दिनों की रिमांड की मांग की।

### सद्भाव का संदेश देकर संपन्न हुआ 'सद्भाव उत्सव'



**हावड़ा, समाज्ञा :** ग्रामीण हावड़ा के आमता में आयोजित 14वां 'सद्भाव उत्सव' सद्भाव और आपसी भाईचारे के संदेश के साथ संपन्न हो गया। इस उत्सव का उद्घाटन 25 दिसंबर को मंत्री पुलक राय ने किया था। उन्होंने कहा कि ग्राम-बंगाल में सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत करने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। आमता के विधायक सुकांत पाल की पहल पर आयोजित इस मेले के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और सांसद अभिषेक बनर्जी ने शुभकामना संदेश भेजा। ताजपुर कालीतला मैदान में आयोजित इस उत्सव में पहले दिन से ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। मंच पर सांप्रदायिक सद्भाव की थीम को प्रमुखता दी गई। प्रसिद्ध गायिका लोपामुद्रा मित्र और सत्यजीत दास ने प्रस्तुति दी, वहीं टॉलीवुड के लोकप्रिय कलाकार अंकुश हाजरा और ऐंद्रिला सेन भी उपस्थित रहे। इसके अलावा नृत्य और चित्रांकन प्रतियोगिताएं, स्वास्थ्य शिविर तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले स्टॉल लगाए गए। समापन के दिन बंगाल की लोकनृत्य परंपरा के माध्यम से कलाकारों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

### महिला होम गार्ड की मौत के मामले में एसआई निलंबित, छह सदस्यीय एसआईटी करेगी जांच

- **घटना के बाद से आरोपी पुलिस कर्मी फरार, तलाश में जुटी पुलिस**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग में एक महिला होम गार्ड की रहस्यमय मौत की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाई गई है। मामले में एक पुलिस कर्मी पर ही हत्या का केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि कैनिंग थाने के सब-इंस्पेक्टर (एसआई) सायन भट्टाचार्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी पुलिस कर्मी को इस मामले में ड्यूटी से सस्पेंड कर दिया गया है। मृतका के परिवार ने उस पर महिला की मौत में शामिल होने का आरोप लगाया है। रेशमी मोल्ला नाम की होम गार्ड का शव शनिवार को कैनिंग में पुलिस क्वार्टर से बरामद किया गया था। घटना के बाद आरोपी सब-इंस्पेक्टर गायब हो गया है और पुलिस उसे पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चला रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि होम गार्ड के परिवार की हत्या की शिकायत के आधार पर पुलिस कर्मी के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही है। छह सदस्यों वाली एक एसआईटी बनाई गई है और बारुईपुर पुलिस जिले के अपर पुलिस अधीक्षक रूपांतर सेनगुप्ता को टीम का प्रमुख बनाया गया है। पुलिस को शक है कि रेशमी मोल्ला की रहस्यमयी मौत की खबर सामने आने के तुरंत बाद सायन भट्टाचार्य छिप गया। पीड़िता के परिवार ने आरोप लगाया है कि रेशमी का सब-इंस्पेक्टर के साथ विवाहेत्तर संबंध थे, और रिश्ता सामने आने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। शिकायत के आधार पर, बारुईपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।

### धर्मेंद्र सिंह मेमोरियल ट्रस्ट ने पांचवीं पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों में कंबल वितरित किए



**हावड़ा :** धर्मेंद्र सिंह मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा बी गार्डन मेन गेट के पास इस वर्ष भी धर्मेंद्र सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर 2000 से अधिक जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। यह कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस बार भी सामाजिक सद्भाव और सेवा भाव को समर्पित रहा। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दक्षिण हावड़ा की विधायिका नंदिता चौधरी, हावड़ा कॉरपोरेशन के वाइस चेयरमैन सेकत चौधरी, हावड़ा जिला तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कैलाश मिश्रा और सामाजिक कार्यकर्ता अरूप सेनगुप्ता उपस्थित रहे। इस पहल से जरूरतमंदों को राहत और सामाजिक सहयोग की भावना का संदेश भी मिला।

# साहित्य संस्कृति विविधता में एकता की छंटा बिखेरेगा श्रीरामपुर पुस्तक मेला

## 2 जनवरी से 11 जनवरी तक श्रीरामपुर में आयोजित होगा पुस्तक मेला

- **थीम: 'हमारा गर्व - पश्चिम बंगाल'**



**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर नगर पालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा की अध्यक्षता में चेयरमैन कार्यालय में आगामी श्रीरामपुर पुस्तक मेला को लेकर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में वाइस चेयरमैन उत्तम नाग, सीआईसी संतोष सिंह एवं सीआईसी पिंटू नाग भी उपस्थित रहे। चेयरमैन गिरधारी साहा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि ऐतिहासिक शहर श्रीरामपुर में इस वर्ष 2 जनवरी से पुस्तक मेला शुरू होगा, जिसका भव्य समापन 11 जनवरी को किया जाएगा। पुस्तक मेले में कुल 33 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें बंगाल की संस्कृति, सभ्यता और समृद्ध विरासत से जुड़ी पुस्तकों को विशेष रूप से स्थान दिया जाएगा। कहा कि मोबाइल और इंटरनेट की दुनिया में खोये आज बच्चे, युवाओं का पुस्तक के तरफ ध्यानाकर्षण करना भी पुस्तक मेले का उद्देश्य है।

उन्होंने बताया कि पुस्तक मेले के दौरान प्रतिदिन बंगाल की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक, कला काव्य संगीतमय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न वर्गों के साहित्यकार, कलाकार और सांस्कृतिक संस्थाएं भाग लेंगी। इसके साथ ही सामाजिक जिम्मेदारी के तहत थैलेसीमिया रोगियों के लिए एक विशेष स्टॉल भी लगाया जाएगा, ताकि लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया जा सके।

चेयरमैन ने कहा कि यह पुस्तक मेला साहित्य, संस्कृति और विविधता में एकता की भावना को उजागर करेगा और श्रीरामपुर की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करेगा। इस वर्ष श्रीरामपुर पुस्तक मेले की थीम 'हमारा गर्व - पश्चिम बंगाल' रखी गई है, जो राज्य की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक वैभव को दर्शाएगी। कहा विश्व भर में 30 करोड़ लोगों की भाषा बांग्ला है। और पश्चिम बंगाल की प्रधान सरकारी भाषा बांग्ला है। इस राज्य में रहने वाले भिन्न समुदाय की भाषा भी बांग्ला है यहाँ विभिन्न धर्म के लोग एक साथ मिलकर बंगाल में साम्प्रदयिक सौहार्द्र की पहचान बनते है यहां सभी धर्म का सम्मान भाव से आदर किया जाता है। बंगाल में सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी और स्वायत्त संस्थानों में बंगला भाषा का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाएगा। सभी सरकारी पत्राचार, नोटिस, विज्ञप्ति, फॉर्म और कार्यालयी कार्यों में बंगला भाषा का उपयोग किया जाएगा। आम जनता की सुविधा आम नागरिकों को अपनी मातृभाषा में सेवाएं प्राप्त हों, इसके लिए बंगला भाषा को प्राथमिकता दी जाएगी।

### कवि के साथ आत्मीय संवाद



**कोलकाता, समाज्ञा :** वरिष्ठ कवि, आलोचक, संपादक एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य डॉ. सदानन्द शाही के सद्य प्रकाशित काव्य कृति संगतराश को केंद्रित कर सेठ सूरजमल जालान पुस्तकालय के पुस्तकालय कक्ष में कवि के साथ आत्मीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ प्रेमशंकर त्रिपाठी ने कहा कि शाही जी की कविताएं वर्तमान समय की मौलिक दस्तावेज हैं। इनकी कविताओं में सादगी के साथ आम आदमी की संवेदनशीलता भी दिखाई देती है। इस गोष्ठी के केंद्र बिन्दु कवि सदानन्द शाही ने अपने इस संग्रह के बनने की प्रक्रिया के साथ, कविताओं पर भी अपने विचार प्रस्तुत किए तथा इस संग्रह की कुछ कविताओं का पाठ भी किया। इस गोष्ठी का कुशल संचालन डॉ कमल कुमार और धन्यवाद ज्ञापन भागीरथ सारस्वत ने किया। इस अंतरंग गोष्ठी में अजयेंद्र त्रिवेदी, श्रीमोहन तिवारी, डॉ दीक्षा गुप्ता, दिव्या प्रसाद, शनि कुमार, पूजा प्रसाद, राजेन्द्र अरोड़ा, सर्वदेव तिवारी, लक्ष्मी जायसवाल के साथ अन्य साहित्यप्रेमी मौजूद थे।

### हावड़ा सिटी पुलिस ने 85 खोए हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाए

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा सिटी पुलिस के डिटेक्टिव विभाग ने सोमवार को 85 खोए हुए मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। रिपोर्ट किए जाने के बाद से ही विभाग ने लगातार इस मामले पर कार्य किया और तकनीकी इनपुट्स के विश्लेषण के माध्यम से इन मोबाइल फोन की सफलता पूर्वक बरामदगी की। साल 2025 के दौरान हावड़ा सिटी पुलिस, डिटेक्टिव विभाग ने कुल 1,972 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटा दिए। विभाग ने कहा कि इस तरह की पहल नागरिकों की मूल्यवान वस्तुएं सुरक्षित लौटाने के उद्देश्य से भविष्य में भी जारी रहेगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड : बोकारो में पुलिसकर्मियों पर हमला, चार लोग गिरफ्तार

**बोकारो :** झारखंड के बोकारो जिले में उपद्रवियों द्वारा पथराव किए जाने की घटना में एक थाना प्रभारी (एसएचओ) समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक यह घटना रविवार रात को मुफस्सिल पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में पुपुंकी आश्रम के पास घटी, जब पुलिस ने वहां अवैध रूप से देसी शराब बेच रहे 15 से 20 बदमाशों के एक समूह को रोकने का प्रयास किया। चास के उप-मंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) प्रवीण कुमार सिंह ने कहा, 'थाना प्रभारी प्रकाश मंडल समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी बदमाशों को पकड़ने के लिए कई जगहों पर छापेमारी की जा रही है।' एसडीपीओ ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर भेजा गया और घटना की जांच जारी है।

### मकान में आग लगने से बुजुर्ग महिला और उसके दो बेटों की झुलसने से मौत

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** मुजफ्फरनगर के नई मंडी क्षेत्र स्थित एक मकान में सोमवार शाम लगी आग में झुलसकर एक बुजुर्ग महिला और उसके दो बेटों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्य नारायण प्रजापत ने यहां बताया कि पुलिस को नई मंडी थाना क्षेत्र स्थित वसुंधरा रेजिडेंसी इलाके में एक मकान की दूसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली थी और पुलिस मौके पर पहुंची व बचाव अभियान शुरू किया। उनके मुताबिक, इस दौरान सुशीला (68) और उसके बेटों अमित गौर (50) और नितिन गौर (45) के शव बरामद किये गये। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल एक अन्य व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रजापत ने बताया कि जले हुए घर में अंगीठी में जला कोयला भी बरामद किया गया है और आशंका जतायी जा रही है कि आग कोयले की चिंगारी से लगी थी और उसकी जद में आकर दो रसोई गैस सिलिंडर भी फट गये थे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच जारी है।

# मुख्यमंत्री ने किया हर मंडल मुख्यालय में स्पोर्ट्स कॉलेज बनाने का ऐलान

### 'जनता दर्शन' में लोगों से मिलकर समस्याएं सुनीं

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवैध रूप से जमीन पर कब्जा करने वाले 'दबंगों और माफिया' के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का अधिकारियों को सोमवार को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने ये निर्देश यहां सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित 'जनता दर्शन' में आम जनता की शिकायतें सुनते हुए दिए। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि संपत्ति जबरन कब्जा करते पाये जाने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शा जाएगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में जनता से मुलाकात की। उन्होंने उपस्थित लोगों से बातचीत की, उनके आवेदन संबंधित अधिकारियों को सौंपे और अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में अपने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं।

**गोरखपुर : :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर मंडल मुख्यालय में एक स्पोर्ट्स कॉलेज बनवाने का ऐलान करते हुए सोमवार को कहा कि उनकी सरकार खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिये प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में विधायक खेल स्पर्धा-2025 के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के प्रति सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसी क्रम में हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिले स्तर पर बड़ा स्टेडियम बनवाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के साथ-साथ हर मंडल मुख्यालय में एक स्पोर्ट्स कॉलेज बनाया जाएगा। वीर



बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में खेलों के मूलभूत ढांचे को लगातार मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में बेलीपार के पास एक अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बनने जा रहा है तथा गोरखपुर के क्षेत्रीय स्टेडियम का भी 63 करोड़ रुपये की लागत से नवोद्धार हो रहा है।

साथ ही वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में भी बेहतरीन स्टेडियम बन रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर खेल विश्वविद्यालय का सत्र शुरू हो चुका है और अब सरकार की तैयारी हर मंडल मुख्यालय में स्पोर्ट्स कॉलेज बनाने की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वह जल्द ही गोरखपुर महानगर की सभी संस्थाओं के साथ बैठक करने वाले हैं और उस बैठक में संस्थाओं से आह्वान किया जाएगा कि वे एक-एक खेल को आगे बढ़ाने के लिये उन्हें अंगीकार करें। उन्होंने कहा कि कुछ सहयोग वे करें और कुछ सरकार करेगी तथा खिलाड़ियों को तराशने के लिये अच्छे कोच रखे जाएंगे जिससे बच्चों को खेल के लिए एक बेहतर मंच मिलेगा।

### पूर्व छात्रों ने आईआईटी-कानपुर को सौ करोड़ रुपये देने का संकल्प लिया

**कानपुर (उप्र) :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-कानपुर (आईआईटी-के) के 2000 बैच के पूर्व छात्रों ने अपने इस संस्थान को सौ करोड़ रुपये देने का संकल्प लिया है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, रविवार देर शाम परिसर में आयोजित रजत जयंती पुनर्मिलन समारोह के दौरान वर्ष 2000 बैच के पूर्व छात्रों ने अपने शिक्षण संस्थान को 100 करोड़ रुपये देने का संकल्प लिया है। इसमें कहा गया है कि यह देश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में किसी एक बैच द्वारा दिया गया अब तक का सबसे बड़ा दान है। यह संकल्प आईआईटी-के के बैच की गहरी कृतज्ञता और संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान क्षमताओं और सामाजिक प्रभाव को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्ष 2000 के बैच को सहस्राब्दी बैच भी कहा जाता है। उसने प्रस्ताव दिया है कि इस दान का उपयोग आईआईटी-के में 'मिलेनियम स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी एंड सोसाइटी' (एमएसटीएएस) की स्थापना के लिए किया जाए। यह घोषणा रजत जयंती पुनर्मिलन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण थी, जिसमें पूर्व छात्र अपने साथियों, संकाय सदस्यों और संस्थान के साथ फिर से जुड़ने के लिए परिसर में आए थे।

## न्यूज अपडेट

### देहरादून में त्रिपुरा के छात्र की हत्या नफ़रती लोगों की बेहद घृणित मानसिकता का दुष्परिणाम : अखिलेश यादव



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि देहरादून में त्रिपुरा के एक छात्र की हत्या नफरती लोगों की बेहद घृणित मानसिकता का दुष्परिणाम है। पश्चिम त्रिपुरा जिले के नंदननगर के 24 वर्षीय छात्र एंजेल चकमा को नौ दिसंबर को देहरादून में एक समूह ने कथित रूप से नस्लीय अपशब्द कहे, जिसका विरोध करने पर उसपर हमला कर दिया गया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के दौरान 26 दिसंबर को उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि देहरादून में त्रिपुरा के एक छात्र की हत्या नफ़रती लोगों की बेहद घृणित मानसिकता का दुष्परिणाम है। सपा मुख्यालय से जारी एक बयान के मुताबिक, यादव ने कहा कि विघटनकारी सोच रोज़ किसी की जान ले रही है और सरकारी अभयदान प्राप्त ये लोग विषबेल की तरह फलफूल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इन नकारात्मक तत्वों से देश और देश की एकता-अखंडता ख़तरे में है। यादव ने कहा,आज इन हिंसक हालात में यही बात सबसे ज़्यादा ज़रूरी है कि हम सब शान्ति प्रिय, सौहार्दपूर्ण विचार वाले लोग एकजुट होकर ऐसे असामाजिक लोगों को अपने बीच पहचानने का काम करें और इनका बहिष्कार भी करें, नहीं तो हममें से कोई भी कल इनकी हिंसा का शिकार हो जाएगा। सपा प्रमुख ने शीर्ष अदालत से अपील करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय स्वतः संज्ञान लेकर न्याय सुनिश्चित करे।

### दो घंटे तक विश्व के टॉप ट्रेंड में रहा उत्तर प्रदेश पुलिस का हैशटैग उप्र पुलिस मंथन

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पुलिस ने दावा किया कि दो दिवसीय वरिष्ठ अधिकारी सम्मेलन के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस का हैशटैग उप्र पुलिस मंथन दो घंटे तक विश्व के टॉप ट्रेंड में रहा। पुलिस के एक आधिकारिक बयान के अनुसार डीजीपी के निर्देशन में 27 दिसंबर को हैशटैग ''पुलिस मंथन' और 28 दिसम्बर को हैशटैग 'यूपी पुलिस मंथन' विश्व के टॉप ट्रेंड में लगातार दो घण्टे से अधिक समयावधि के लिए नंबर एक पर रहे हैं। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में 27 एवं 28 दिसंबर को लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय में आयोजित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन पुलिस मंथन से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों की फोटो एवं वीडियो को उत्तर प्रदेश पुलिस के समस्त जिलों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स पर साझा करके पोस्ट किया गया। बयान में कहा गया कि उप्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण के निर्देशन में इस सम्मेलन से सम्बन्धित हैशटैग 'यूपी पुलिस मंथन' को उत्तर प्रदेश पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। बयान में कहा गया है कि यह हैशटैग 28 दिसंबर को शाम साढ़े पांच बजे सूचीबद्ध हुआ और कुछ ही समय में विश्व के टॉप ट्रेंडिंग लिस्ट में नंबर एक पर पहुँच गया।

### राजस्थान में शीतलहर: कई स्थानों पर पारा 10 डिग्री से नीचे

**जयपुर:** राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में सोमवार को ठंड की स्थिति बनी रही और सीकर जिले के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, राज्य में शीतलहर की स्थिति बनी रहने की संभावना है। इसने बताया कि दौसा में न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि अलवर में पारा 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने कहा कि अन्य स्थानों पर जहां तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा, उनमें सीकर (पांच डिग्री सेल्सियस), माउंट आबू और पाली (5.1 डिग्री सेल्सियस) शामिल हैं। करौली में पारा 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जबकि झुंझुनू में तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस रहा। विभाग के मुताबिक, चित्तौड़गढ़ में रात का तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि भीलवाड़ा और जयपुर में क्रमशः नौ डिग्री सेल्सियस और 9.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जैसलमेर में न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, इसके बाद कोटा में 11.1 डिग्री सेल्सियस रहा। बाड़मेर अपेक्षाकृत गर्म रहा और वहां न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### राजस्थान भाजपा ने छह मोर्चों के राज्य प्रमुखों की नियुक्ति की

**जयपुर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान इकाई ने अपने छह मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों की सोमवार को नियुक्ति की। नियुक्तियों को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से मिली मंजूरी के बाद जारी सूची के मुताबिक, विधायक गोपी चंद मीणा को अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सांसद निहाल सिंह मेघवाल को अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चा का प्रदेश प्रमुख नियुक्त किया गया है।

## शिक्षक नियुक्ति परीक्षा की अधिसूचना जनवरी मध्य तक भेजी जाएगी, प्रक्रिया होगी पारदर्शी: शिक्षा मंत्री

**पटना :** बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने सोमवार को कहा कि लंबित शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (टीआरई)-4 से जुड़ी औपचारिक सूचना 15 से 20 जनवरी के बीच शिक्षा विभाग की ओर से बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) को भेज दी जाएगी। राज्य सरकार के इस फैसले से सरकारी शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं को राहत मिली है। मंत्री ने शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सूचना मिलने के बाद आयोग अपने स्तर से अधिसूचना जारी करेगा और आवेदन प्रक्रिया शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल तिथियों की घोषणा नहीं बल्कि उन अभ्यर्थियों के लिए भरोसे का संकेत है, जो टीआरई-1, टीआरई-2 और टीआरई-3 के बाद अगली प्रक्रिया का इंतजार कर रहे थे। कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग इस समय शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है और सरकार पर विद्यालयों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने का दबाव है। उन्होंने कहा कि इसी पृष्ठभूमि में टीआरई-4 को शिक्षा व्यवस्था को स्थिर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मंत्री ने कहा कि विभागीय स्तर पर आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और प्रक्रिया में किसी भी तरह की अनावश्यक देरी नहीं होने दी



जाएगी। शिक्षा मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि टीआरई-4 की पूरी नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध होगी तथा सरकार का लक्ष्य योग्य अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति देना है ताकि चयन प्रक्रिया पर किसी प्रकार का सवाल न उठे। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से न केवल सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर होगी बल्कि बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस बीच, शिक्षा मंत्री ने अनुकंपा के आधार पर 5,000 से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उन परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है, जो लंबे समय से इस प्रक्रिया के पूरा होने का इंतजार कर रहे थे। कुमार ने कहा कि अनुकंपा नियुक्तियों में भी पारदर्शिता और योग्यता को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को लाभ मिल सके।

## यूपी बना देश में सर्वाधिक पर्यटकों के आगमन वाला राज्य, 137 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने दर्ज करायी आमद

**लखनऊ :** धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों के नवीनीकरण और पर्यटन सुविधाओं के विकास की बदौलत उत्तर प्रदेश ने इस साल घरेलू पर्यटन के मामले में देश में प्रथम तथा विदेशी पर्यटन में चौथा स्थान प्राप्त किया है। राज्य सरकार के एक बयान में केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के हवाले से कहा है कि वर्ष 2025 में प्रदेश में 137 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों का आगमन हुआ जबकि तीन लाख 66 हजार विदेशी पर्यटकों ने प्रदेश की यात्रा की। बयान के अनुसार, इन आंकड़ों की सबसे बड़ी वजह प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 रहा, जहां रिकॉर्ड 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। बयान में बताया गया है कि पर्यटन



विभाग ने इस वर्ष प्रदेश में पर्यटन के विकास के लिए 1283.33 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू कीं जिनमें वाराणसी के घाटों का सौंदर्यीकरण, एकीकृत सर्किट हाउस और कन्वेंशन सेंटर का निर्माण, चित्रकूट में कालिंजर एकीकृत मार्ग तथा राम वन गमन मार्ग पर पर्यटक सुविधा केंद्रों का विकास प्रमुख हैं। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में बनी उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 ने प्रदेश में पर्यटन के बहुआयामी विकास को सुनिश्चित किया।

## झारखंड के कई हिस्सों में शीत लहर और घने कोहरे के लिए येलो अलर्ट जारी

**रांची :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित केंद्र ने सोमवार को झारखंड के कई हिस्सों में शीत लहर और घने कोहरे की स्थिति को लेकर येलो अलर्ट जारी किया। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बुलेटिन के अनुसार, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी और रांची के लिए शीत लहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में मंगलवार सुबह 8:30 बजे तक भीषण ठंड का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। रांची के पास स्थित कांके राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त, गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, हजारीबाग और कोडरमा सहित छह जिलों में घने कोहरे के साथ 'शीत दिवस' के लिए और गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ सहित अन्य छह जिलों में केवल घने कोहरे के लिए अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान विभाग के बुलेटिन के अनुसार, इन जिलों में दृश्यता घटकर 50 से 200 मीटर के बीच रहने का अनुमान है। इसके अलावा इन जिलों में 31 दिसंबर को सुबह 8:30 बजे तक घना कोहरा छाए रहने का भी अनुमान है।

# समाज्ञा धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

30.12.2025 : पुत्रदा एकादशी व्रत सबका
01.01.2026 : अंग्रेजी नववर्ष सन् 2026
04.01.2026 : प्रयाग माघ मेला आरंभ
05.01.2026 : गुरु गोविंद सिंह जयंती

## 14 या 15 जनवरी किस दिन मनाई जाएगी मकर संक्रांति?

हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का पर्व विशेष महत्व रखता है। जब सूर्य देव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तो इसे मकर संक्रांति कहा जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में यह पर्व अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में इसे खिचड़ी, पंजाब में लोहड़ी, जबकि दक्षिण भारत में पोंगल के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस साल कई लोगों के मन में यह सवाल आ रहा है कि इस बार मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जाएगी या 15 जनवरी को, साथ ही स्नान-दान का शुभ समय क्या रहेगा। आइए जानते हैं इससे जुड़ी पूरी जानकारी।

### मकर संक्रांति की तिथि और शुभ समय

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मकर संक्रांति की तिथि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के समय पर निर्भर करती है। इसी कारण हर वर्ष इसकी तारीख को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रहती है। हालांकि इस वर्ष ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार स्थिति स्पष्ट है। इस बार मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को मनाया जाएगा, लेकिन इससे जुड़े पुण्य कार्य जैसे स्नान और दान 15 जनवरी को करना श्रेष्ठ माना गया है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, संक्रांति का पूर्ण फल तभी प्राप्त होता है जब स्नान-दान जैसे शुभ कर्म पुण्यकाल में किए जाएं। इस वर्ष सूर्य का मकर राशि में प्रवेश 14 जनवरी की शाम 03:13 बजे हो रहा है।

### मकर संक्रांति पर स्नान-दान का शुभ मुहूर्त



ज्योतिष शास्त्र में संक्रांति के दिन पुण्यकाल और महापुण्यकाल को अत्यंत फलदायी माना गया है। इस दौरान किए गए धार्मिक कार्यों का फल कई गुना बढ़ जाता है।

पुण्यकाल: शाम 03:13 बजे से शाम 05:46 बजे तक

महापुण्यकाल: शाम 03:13 बजे से सुबह 04:58 बजे तक

मान्यता है कि महापुण्यकाल में पवित्र नदियों में स्नान और दान करना विशेष शुभ फल प्रदान करता है।

### मकर संक्रांति का धार्मिक महत्व

धार्मिक दृष्टि से मकर संक्रांति का दिन अत्यंत पावन माना गया है। इस दिन गंगा स्नान और दान-पुण्य करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इसी दिन भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि देव से मिलने गए थे, जिसे पिता-पुत्र के स्नेह और समर्पण का प्रतीक माना जाता है।

## शुभ संयोग में मनाया जाएगा 1 जनवरी, जानें कैसे करें नए साल की शुरुआत

साल 2026 का पहला दिन हर व्यक्ति के जीवन में विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि, नववर्ष के पहले दिन किए गए कार्यों का प्रभाव पूरे साल बना रहता है। यही वजह है कि, लोग नए साल की शुरुआत शुभ और धार्मिक कार्यों से करना पसंद करते हैं, ताकि आने वाला समय सुखद और सकारात्मक बना रहे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यदि वर्ष का आरंभ सही विधि और शुभ कर्मों के साथ किया जाए, तो ग्रहों की कृपा भी जातकों को प्राप्त होती हैं। वहीं इस बार 1 जनवरी 2026 और भी ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इस दिन देवों के देव महादेव को समर्पित प्रदोष व्रत रखा जाएगा। यही नहीं इस तिथि पर रोहिणी नक्षत्र और रवि योग संयोग रहेगा। इसके अलावा धनु राशि में सूर्य, बुध, मंगल और वैभव के कारक शुक्र मौजूद रहेंगे। यही कारण है कि, 1 जनवरी धार्मिक से लेकर ज्योतिष दृष्टि से बेहद कल्याणकारी रहेगा। ऐसे में कुछ कार्यों को करने से पूरे साल अच्छे परिणामों के साथ शुभ समाचार की प्राप्ति की संभावना बनी रहेंगी। ऐसे में आइए जानते हैं कि, साल के पहले दिन किन कार्यों को करना चाहिए।



- हिंदू मान्यताओं के मुताबिक, नववर्ष के पहले दिन पूजा-पाठ करना अत्यंत शुभ होता है। इससे जीवन में सुख-समृद्धि वास करती हैं और साधक का भाग्योदय भी होता है। चूंकि इस वर्ष 1 जनवरी को प्रदोष व्रत है। इसलिए भगवान शिव की उपासना कर जलाभिषेक करना लाभकारी रहेगा। इससे घर-परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सकता है।
- नववर्ष के दिन श्रद्धा भाव से जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र या धन का दान करना शुभ होता है। इससे देवी-देवताओं की कृपा और पुण्य फलों की प्राप्ति होती हैं। माना जाता है कि, दान करने से कुंडली के कुछ दोष भी शांत होते हैं। ऐसे में साल के पहले दिन दान करना कल्याणकारी हो सकता है।
- ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, जिस कार्य से वर्ष का आरंभ किया जाता है, उसका प्रभाव लंबे समय तक रहता है। ऐसे में साल के पहले दिन काम करना उचित रहेगा। आप पढ़ाई या करियर से जुड़ी कुछ योजनाओं पर भी काम कर सकते हैं। इससे अच्छे परिणाम मिलने की संभावना कई गुना बढ़ जाती हैं।
- हिंदू धर्म में दीपदान को अधिक महत्वपूर्ण माना गया है। यह व्यक्ति के जीवन में नई ऊर्जा और प्रकाश का संदेश होते हैं। ऐसे में आप नववर्ष के दिन घर के कोने-कोने में दीपक जलाएं। इससे माता लक्ष्मी के आगमन के योग बनते हैं। साथ ही वैभव और सुख-समृद्धि का वास भी होता है।

## घर की दीवार पर पीपल के पेड़ का उगना देता हैं ये संकेत



कई बार मकान की दीवारों की दरारों, छत के कोनों या सीलन वाली जगहों पर पीपल का एक छोटा सा पौधा अपने आप निकल आता है। अक्सर लोग इसे मामूली पौधा समझकर नजरअंदाज़ कर देते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह बढ़ने लगता है, कई लोग बिना किसी सोच-विचार के किसी भी दिन इसे उखाड़कर हटा देते हैं। जबकि वास्तु शास्त्र और ज्योतिष के अनुसार घर में पीपल का पौधा उगना एक साधारण घटना नहीं मानी जाती।

### घर में या छत पर उगा पीपल क्यों माना जाता है अशुभ

शास्त्रों में पीपल को अत्यंत पवित्र और पूजनीय वृक्ष का दर्जा दिया गया है, लेकिन इसका सही स्थान होना बहुत जरूरी है। शास्त्रों के अनुसार पीपल का पेड़ मंदिर परिसर, नदी या तालाब के किनारे अथवा सार्वजनिक स्थानों पर शुभ फल देता है। वहीं अगर यह घर के भीतर, दीवारों या छत पर उग आए, तो इसे शुभ संकेत नहीं माना जाता। ऐसी मान्यता है कि घर में पीपल का पौधा उगना पितृदोष का संकेत हो सकता है, जिसके कारण परिवार में मानसिक अशांति, धन संबंधी समस्याएं या स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां बढ़ सकती हैं।

घर में अपने आप उगा पीपल का पौधा न तो शुभ माना जाता है और न ही इसे बिना विधि-विधान के हटाना चाहिए। यदि आपके घर में ऐसा पौधा उग आया है, तो सबसे पहले किसी योग्य ब्राह्मण से विधिवत पूजा करानी चाहिए। इस पूजा में पितरों की शांति और पितृदोष निवारण के लिए विशेष संकल्प कराया जाता है।

### संकल्प के बाद ही करें पौधे को हटाने का कार्य

संकल्प के समय यह भाव रखा जाता है कि पितृदोष की शांति और मुक्ति के उद्देश्य से ही पीपल के पौधे को हटाया जा रहा है। इसके बाद पौधे को पूरी श्रद्धा और सावधानी के साथ उखाड़ना चाहिए। ध्यान रखने वाली बात यह है कि सोमवार और शनिवार को पीपल का पौधा नहीं हटाना चाहिए, क्योंकि ये दिन पीपल वृक्ष से विशेष रूप से जुड़े माने जाते हैं। पौधा हटाने के लिए रविवार का दिन सबसे उत्तम माना गया है।

अगर आपके घर की दीवार या छत पर भी पीपल का पौधा उग आया है, तो नए साल से पहले इस धार्मिक प्रक्रिया को सही विधि से पूरा करना शुभ रहेगा। ऐसा करने से पितृदोष से मुक्ति मिलती है और घर में सुख-शांति के साथ सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### नमो भारत कॉरिडोर की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ से प्रशिक्षण ले रहा उप्र एसएसएफ

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) के 40 जवानों के एक बैच के लिए विशेष प्रशिक्षण शुरू किया है, जिन्हें क्षेत्रीय रेल प्रणाली नमो भारत कॉरिडोर की सुरक्षा के लिए तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीआईएसएफ के प्रशिक्षक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा संचालित रेल नेटवर्क की अन्य सुरक्षा प्रणालियों को संभालने का प्रशिक्षण देने के साथ ही एसएसएफ कर्मचारियों को एक्स-रे बैगेज सुरक्षा प्रणाली को संभालने का कौशल भी प्रदान करेंगे। इस संबंध में सीआईएसएफ के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि पहले बैच का प्रशिक्षण छह दिन का होगा और यह प्रशिक्षण केंद्रीय बल की दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) सुरक्षा इकाई द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में ऐसे 200 और कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। नमो भारत कॉरिडोर भारत की पहली 'सेमी-हाई-स्पीड' क्षेत्रीय रेल प्रणाली है जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्रमुख शहरी केंद्रों जैसे दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ को जोड़ती है।

### 'डिजिटल अरेस्ट' करके 1.95 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**हैदराबाद :** पुलिस ने 'डिजिटल अरेस्ट' के माध्यम से हैदराबाद की एक महिला से 1.95 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में सोमवार को गुजरात से दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त वी अरविंद बाबू ने एक विज्ञप्ति जारी करके बताया कि साइबर अपराध पुलिस ने कथित तौर पर धोखाधड़ी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आरोपी को पकड़ लिया है। आरोपी ने कई 'म्यूल' बैंक खातों का इस्तेमाल करके ठगी की रकम प्राप्त की और निकाली थी। बाद में हवाला नेटवर्क के जरिए यह धनराशि दुबई स्थित साइबर धोखाधड़ी में लिप्त जालसाजों को हस्तांतरित कर दी गई थी। 'म्यूल' बैंक खाते दूसरों के नाम से खुलवाए गए ऐसे बैंक खाते हैं जिनका इस्तेमाल धोखाधड़ी वाली रकम के लेनदेन में किया जाता है। पुलिस ने बताया कि आरोपी कई साइबर अपराधों में शामिल रहे हैं और उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए बैंक खाते 22 मामलों से जुड़े हुए हैं।

### नितिन नवीन को दिल्ली के सुनहरी बाग में सरकारी बंगला मिलने की संभावना

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को लुटियंस दिल्ली के 9, सुनहरी बाग स्थित सरकारी बंगला मिलने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। नवीन को दिसंबर की शुरुआत में भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सूत्रों ने बताया कि वह अगले महीने 9, सुनहरी बाग स्थित सरकारी बंगले में स्थानांतरित हो सकते हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई वरिष्ठ नेताओं के आधिकारिक बंगले सुनहरी बाग रोड पर स्थित हैं। दिल्ली में 9, सुनेहरी बाग स्थित बंगले के करीब ही राहुल का बंगला नंबर पांच है।

# अमित शाह ने गुवाहाटी में पूर्वोत्तर के सबसे बड़े सभागार का उद्घाटन किया



**गुवाहाटी :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के गुवाहाटी में पूर्वोत्तर क्षेत्र के सबसे बड़े सभागार 'ज्योति-बिष्णु अंतर्जातिक कला मंदिर' का सोमवार को उद्घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि 291 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस सभागार में 5,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है और यह शहर के खानापारा क्षेत्र में 45 बीघा (14.85 एकड़) भूमि में स्थापित परिसर का हिस्सा है। अधिकारियों के मुताबिक, परिसर में मुख्य सभागार के अलावा मौजूद अन्य सुविधाओं में एक कन्वेंशन सेंटर, पांच वीआईपी सुइट, 450 वाहनों के लिए बहुस्तरीय कार पार्किंग क्षेत्र, एक अत्याधुनिक ऑडियो-विजुअल सिस्टम और डिजिटल बुनियादी ढांचा शामिल है। उन्होंने दावा किया कि यह पूर्वोत्तर क्षेत्र का सबसे बड़ा सभागार है।

### घुसपैठियों को खदेड़ने वाली सरकार चुने असम की जनता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम की जनता से अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में घुसपैठ के खिलाफ और राज्य के विकास के पक्ष में काम करने वाली सरकार चुनने का आग्रह किया। उन्होंने कांग्रेस पर 'वोट बैंक' की राजनीति के लिए घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया, जिसके कारण अवैध प्रवासियों से असमिया लोगों की पहचान को खतरा उत्पन्न हो गया। शाह ने कहा, दस साल पहले तक असम के लिए यह एक लंबे बुरे सपने जैसा था। बंद, नाकाबंदी, गोलीबारी, बम विस्फोट आम बात थी। कई विद्रोही समूह सक्रिय थे, आंदोलन हो रहे थे।

# विकास में योगदान देने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करें युवा : उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन



**पुडुचेरी :** उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने सोमवार को युवाओं और युवा स्नातकों से राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का आग्रह किया। पांडिचेरी केंद्रीय विश्वविद्यालय के 30वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में स्नातक छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), स्व-चालन, जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल संपर्क मानव जीवन के हर पहलू को नया आकार दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ''शिक्षित व्यक्तियों के रूप में, युवाओं को उत्साह और नैतिक सतर्कता दोनों के साथ प्रौद्योगिकी का उपयोग करना चाहिए।'' पांडिचेरी विश्वविद्यालय के पदेन कुलाधिपति राधाकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय विकास के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''डिजिटल प्रौद्योगिकी को अपनी गहन चिंतन क्षमता को कम न करने दें।'' राधाकृष्णन ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपनी अपील दोहराई। उपराष्ट्रपति ने कहा, ''मैं कई बार यह अपील कर चुका हूं। आपको न केवल नशे से मुक्त रहना चाहिए, बल्कि अपने दोस्तों की भी इससे दूर रहने में मदद करनी चाहिए।'' राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए इसे देश के विकास के लिए एक व्यापक रोडमैप बताया। उन्होंने छात्रों से जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन, मुख्यमंत्री एन रंगासामी, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य जी सतीश रेड्डी और कुलपति पी प्रकाश बाबू सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। इससे पहले, राधाकृष्णन ने भरथियार स्मारक और संग्रहालय का दौरा किया, तमिल कवि की प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्पांजलि अर्पित की।

# दिल्ली में दिसंबर का वायु गुणवत्ता सूचकांक सात वर्षों में सबसे खराब



**नयी दिल्ली :** दिल्ली में 2018 के बाद से इस वर्ष दिसंबर में औसत एक्यूआई 349 के साथ सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई, जबकि पीएम2.5 प्रदूषण में पराली का योगदान मात्र 3.5 प्रतिशत रहा। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि दिसंबर 2018 में राजधानी का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 360 दर्ज किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2024 में औसत एक्यूआई 294, 2023 में 348, 2022 में 319, 2021 में 336, 2020 में 332, 2019 में 337 और 2015 में 301 रहा। इस महीने दिल्ली में पांच दिन वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई। पिछले साल दिसंबर में दिल्ली में छह दिन ऐसी स्थिति रही थी। सोमवार को भी दिल्ली की वायु गुणवत्ता शाम चार बजे 401 के साथ 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई, जबकि रविवार को यह 390 के साथ 'अत्यंत खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। सीपीसीबी के अनुसार, 0 से 50 के बीच का एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 'संतोषजनक', 101 से 200 'मध्यम', 201 से 300 'खराब', 301 से 400 'बेहद खराब' और 401 से 500 'गंभीर' माना जाता है। पर्यावरणविद् अमित गुप्ता द्वारा सूचना

# शिवसेना (उबाठा) के साथ एकजुट होकर मुंबई को बचाने के लिए काम करें: राज ठाकरे

**मुंबई :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने सोमवार को अपने पार्टी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे मतभेदों को भुलाकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के साथ एकजुट होकर मुंबई को बचाने और 15 जनवरी को होने वाले मुंबई नगर निगम चुनावों में दोनों दलों के गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करें। रंगाशारदा सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि कुछ लोग मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने का सपना देखते हैं और इसके लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं। पार्टी नेता बाला नंदगांवकर ने ठाकरे के हवाले से कहा, मुंबई को तोड़ने का यह सपना चकनाचूर होना चाहिए। मुंबई मराठी मानुष और महाराष्ट्र की है। यह चुनाव मराठी मानुष के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। महाराष्ट्र से बड़ा कोई संघर्ष नहीं है। ठाकरे ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को गठबंधन धर्म का पालन करना चाहिए क्योंकि इन नगर निकाय चुनावों में हर सीट महत्वपूर्ण है। ठाकरे ने कहा, मुंबई को बचाने के लिए अपने मतभेदों को एक तरफ रख दें। पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय पदाधिकारियों को शिवसेना (उबाठा) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार में भाग लेना चाहिए और शिवसेना (उबाठा) भी ऐसा ही करेगी। उन्होंने कहा कि राकांपा (शरदचंद्र पवार) भी गठबंधन का हिस्सा होगी। नंदगांवकर ने कहा कि पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल करने के लिए आवश्यक एबी फॉर्म सोमवार को वितरित किए जाएंगे।

# जगन्नाथ मंदिर को 31 दिसंबर की रात को खुला रखने का फैसला सोच-समझकर लिया गया: मंत्री

**पुरी :** ओडिशा सरकार ने सोमवार को कहा कि नव वर्ष के अवसर पर पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर को आधी रात के बाद भी खुला रखने का निर्णय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मंदिर अधिकारियों ने तय किया है कि एक जनवरी को रात करीब दो बजे मंदिर के द्वार खोले जाएंगे। आम तौर पर, श्रद्धालुओं को अनुष्ठानों के अनुसार सुबह चार या पांच बजे मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति दी जाती है। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि यह देखा गया है कि वार्षिक रथ यात्रा समेत विभिन्न त्योहारों के अवसर पर पुरी स्थित 12वीं शताब्दी के मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगभग तीन से चार गुना अधिक वृद्धि होती है। मंत्री ने कहा, इसलिए, श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन ने 31 दिसंबर की रात को मंदिर के द्वार खुले रखने का निर्णय लिया है। मुझे इसमें कोई समस्या नहीं दिखती। उन्होंने यह भी कहा कि सभी रीति-रिवाजों का पालन किया जाएगा। पुरी जिला प्रशासन का अनुमान है कि नव वर्ष के दिन भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए लगभग 3.5 लाख से 4 लाख श्रद्धालु पुरी आ सकते हैं। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंदा पाधी ने बैठक के बाद कहा, 31 दिसंबर को मंदिर पूरी रात खुला नहीं रहेगा। मंदिर के द्वार लगभग रात दो बजे खुलेंगे। सभी धार्मिक अनुष्ठान पहले की तरह ही संपन्न होंगे।

# शिवसेना और राकांपा नासिक महानगरपालिका चुनाव एक साथ लड़ेंगी

**नासिक :** नासिक नगर निगम (एनएमसी) चुनावों में महायुति के सहयोगी दलों भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना-राकांपा तथा महा विकास आघाडी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होता दिखायी दे रहा है। नेताओं ने सोमवार को यह कहा। भाजपा ने चुनाव में अकेले उतरने का फैसला किया है, जबकि उसके सहयोगी दल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और शिवसेना एक साथ आ गए हैं। दूसरी ओर, सूत्रों के अनुसार, महा विकास आघाडी (एमवीए) ने चुनाव साथ-साथ लड़ने का लगभग फैसला कर लिया है। राज्य के मंत्री और राकांपा नेता नरहरि जिरवाल ने कहा कि भाजपा ने गठबंधन को लेकर कोई संदेश नहीं दिया है। नामांकन दाखिल करने के एक दिन पहले शिवसेना (एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली) और राकांपा ने नासिक महानगरपालिका (एनएमसी) चुनाव एक साथ लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, कौन कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा, इस पर कोई सवाल ही नहीं है। हम चुनाव जीतने की क्षमता के फॉर्मूले के आधार पर लड़ रहे हैं। उसी के अनुसार सीटों का बंटवारा किया जाएगा।'' शिवसेना के पूर्व सांसद हेमंत गोडसे ने भी जिरवाल की बात दोहराते हुए भाजपा पर सकारात्मक प्रतिक्रिया न देने का आरोप लगाया। इसके अलावा, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राकांपा (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी।

# एंजेल चकमा हत्या मामला: धामी ने मृतक के पिता से की बात, सख्त सजा का आश्वासन दिया



**देहरादून :** त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की देहरादून में हुई हत्या के बाद उपजे आक्रोश के बीच उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को उसके पिता से फोन पर बातचीत कर आरोपियों को सख्त सजा दिलाने का आश्वासन दिया और राज्य सरकार ने पीड़ित परिवार के लिए तत्काल आर्थिक सहायता स्वीकृत करते हुए चार लाख रुपये से अधिक की पहली किस्त जारी कर दी। पुलिस ने कहा कि चकमा की मौत उसकी रीढ़ की हड्डी और सिर में लगी घातक चोट की वजह से हुई। धामी ने एंजेल के पिता तरुण प्रसाद चकमा से फोन पर बातचीत कर उसकी हत्या पर दुःख व्यक्त किया और कहा कि इस घटना से वह व्यक्तिगत तौर पर दुखी हैं और उनके परिवार के दुख को समझ सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में देश-विदेश से बच्चे पढ़ाई करने के लिए आते हैं और यहां कभी इस प्रकार का माहौल नहीं रहा। उन्होंने कहा, ''इसलिए यह घटना हम सबके लिए भी कष्टदायक है।'' धामी ने कहा कि सरकार इस मामले में सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने तरुण चकमा को जानकारी दी कि घटना के संबंध में पांच आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं जबकि एक अन्य आरोपी के नेपाल भागने की आशंका है और उस पर इनाम घोषित करते हुए उसे भी गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि घटना के संबंध में उनकी त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा के साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी बात

### त्रिपुरा के युवक की हत्या भयावह घृणा अपराध, हमें मृत समाज नहीं बनना चाहिए: राहुल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने त्रिपुरा के एक युवक की देहरादून में हत्या को ''भयावह घृणा अपराध'' करार देते हुए सोमवार को कहा कि ''हमें एक ऐसा मृत समाज नहीं बनना चाहिए'' जो देशवासियों को निशाना बनाए जाने पर आंखें मूंद ले। गांधी ने यह दावा भी किया कि इस तरह की घटनाएं उस नफरत का नतीजा हैं, जो रोजाना युवाओं के बीच परोसी जा रही है।

### ओडिशा में शीतलहर का कहर; 13 स्थानों पर पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिरा

**भुवनेश्वर :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, ओडिशा में सोमवार को भी शीत लहर का प्रकोप जारी रहा, क्योंकि राज्य भर में कम से कम 13 स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर गया, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पांच दिनों की चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि नव वर्ष तक राज्य भर में न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होने की संभावना है। राज्य में तटीय क्षेत्र के अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, वहीं कई दक्षिणी और पश्चिमी जिले शीत लहर की चपेट में रहे।

# कोहरे का कहर: 200 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित, अकेले इंडिगो की 118 फ्लाइट्स रद्द




**मुंबई :** पूरे उत्तर भारत में भीषण शीतलहर जारी है। घने कोहरे का असर यातायात संसाधनों पर भी देखने को मिला है। भीषण कोहरे के चलते 200 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुईं । इंडिगो ने सोमवार को खराब मौसम और ऑपरेशनल कारणों के चलते 118 उड़ानें रद्द कर दीं। इनमें से छह उड़ानें ऑपरेशनल कारणों के चलते रद्द की गईं, जबकि बाकी अलग-अलग हवाईअड्डे पर खराब मौसम की वजह से कैंसिल हुई हैं। घने कोहरे के कारण अकेले दिल्ली हवाईअड्डे पर 128 उड़ानें रद्द कर दी गईं। आठ उड़ानों को दूसरे शहरों में डायवर्ट करना पड़ा। उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24डॉटकॉम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, लगभग 200 उड़ानें लेट हुईं है। इंडिगो की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, मुंबई, बंगलूरू, कोच्चि, हैदराबाद, कोलकाता, अमृतसर, चंडीगढ़, जयपुर, देहरादून, इंदौर, पटना और भोपाल समेत कई जगहों पर उड़ान सेवाएं रद्द की गई हैं। एयरलाइन ने सुबह 11.20 बजे एक यात्रा सलाह में कहा, दिल्ली और उत्तरी भारत के कई हवाई अड्डों पर कोहरे की स्थिति बनी हुई है और दृश्यता में अभी पूरी तरह से सुधार नहीं हुआ है। इसे अलावा पंजाब के अमृतसर, आदमपुर, हलवारा, पठानकोट, चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन, सहारनपुर और आगरा में एयरफोर्स स्टेशन और मध्य प्रदेश के ग्वालियर में कई क्षेत्रों में दृश्यता शून्य मीटर रही। जिसका असर उड़ानों पर देखने को मिला। इससे पहले 25 दिसंबर को इंडिगो ने मौसम की स्थिति का हवाला देते हुए कई हवाई अड्डों के लिए 67 उड़ानें रद्द कर दी थीं, जबकि शनिवार को उसने खराब मौसम का हवाला देते हुए कई एयरपोर्ट से 57 और उड़ानें रद्द की थीं।

# कांग्रेस ने बीएमसी चुनाव के लिए 70 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**मुंबई :** कांग्रेस ने 15 जनवरी को होने वाले बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव के लिए सोमवार को अपने 70 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। यह सूची नामांकन दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने से ठीक एक दिन पहले जारी की गई है। एक दिन पहले ही कांग्रेस ने पूर्व सांसद प्रकाश आंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) के साथ 227-सदस्यीय बीएमसी के चुनाव के लिए सीट का समझौता किया है। बीएमसी में वीबीए कांग्रेस के साथ गठबंधन में 62 सीट पर चुनाव लड़ रही है। बीएमसी भारत का सबसे बड़ा और सबसे धनी नगर निकाय है, जिसका वार्षिक बजट 74,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इसी बीच, महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री महादेव जानकर की पार्टी राष्ट्रीय समाज पक्ष (आरएसपी) ने भी अपने छह उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। राष्ट्रीय समाज पक्ष भी कांग्रेस के साथ मिलकर बीएमसी चुनाव लड़ रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) ने बीएमसी की सात सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) की घटक राकांपा (एसपी) ने मुंबई में किसी अन्य राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं किया है।

# संसदीय समिति ने मनरेगा के कई पहलुओं और जी राम जी विधेयक के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की

**नयी दिल्ली :** संसद की एक समिति ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के साथ इस पर भी विचार किया कि नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा बनाए गए 'विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम' के सुचारु क्रियान्वयन के लिए अगले छह महीनों में कैसे आगे बढ़ना है। सूत्रों ने बताया कि ग्रामीण विकास और पंचायती राज संबंधी संसद की स्थायी समिति के अधिकतर सदस्य इस बात को लेकर चिंतित थे कि अगले छह महीनों में परिवर्तन कैसे होगा जब सरकार मनरेगा की जगह जी राम जी अधिनियम को लागू करेगी। उनकी चिंता इस बात को लेकर थी कि इस अवधि के दौरान लाभार्थियों को भुगतान कैसे किया जाएगा और अतिरिक्त बजटीय सहायता की व्यवस्था कैसे की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, बैठक के दौरान कई सदस्यों ने चिंता व्यक्त की कि पुराने कानून के तहत कार्य का पंजीकरण कई राज्यों में केवल 50 प्रतिशत के आसपास था। सदस्यों ने यह भी कहा कि जी राज जी अधिनियम को लागू करने में कम से कम छह महीने लगेंगे, क्योंकि नियम बनने के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। मनरेगा को 2005 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार (संप्रग) द्वारा लागू किया गया था।

# आईएनएसवी कौंडिन्य ने ओमान की अपनी पहली यात्रा के लिए प्रस्थान किया



**पोरबंदर :** पारंपरिक तकनीकों से निर्मित नौसेना का पहला जहाज, आईएनएसवी कौंडिन्य सोमवार को गुजरात के पोरबंदर से ओमान के मस्कट के लिए अपनी पहली समुद्री यात्रा पर रवाना हुआ। रक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक यह ऐतिहासिक अभियान भारत की प्राचीन समुद्री विरासत को पुनर्जीवित करने, उसे समझने और उसका जश्न मनाने के प्रयासों के तहत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह एक जीवंत समुद्री यात्रा के माध्यम से संभव हो सका है। नौसेना की पश्चिमी कमान के ध्वज अधिकारी कमांडिंग-इन-चीफ, वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने भारत में ओमान सल्तनत के राजदूत ईसा सालेह अल शिबानी की मौजूदगी में आईएनएसवी कौंडिन्य जहाज को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्राचीन भारतीय जहाजों के चित्रण से प्रेरित और पूरी तरह से पारंपरिक सिलाई-तख्ता तकनीक का उपयोग करके निर्मित किया गया आईएनएसवी कौंडिन्य इतिहास, शिल्प कौशल और आधुनिक नौसैनिक विशेषज्ञता का एक दुर्लभ संगम प्रस्तुत करता है। करीब 65 फुट लंबे आईएनएसवी कौंडिन्य का निर्माण पारंपरिक सिलाई वाली जहाज निर्माण तकनीकों का उपयोग करके किया गया है, जिसमें प्राकृतिक सामग्रियों और कई शताब्दियों पुरानी विधियों का प्रयोग किया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार आईएनएसवी कौंडिन्य पर सवार कुल 18 नाविक 1,400 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे और समुद्र में 15 दिनों के बाद ओमान के तट पर पहुंचेंगे।

### पांचवीं सदी के जहाज की तर्ज पर बनाया गया है आईएनएसवी कौंडिन्य

गुजरात से सोमवार को अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए ओमान रवाना हुआ जहाज आईएनएसवी कौंडिन्य पारंपरिक सिलाई विधि का इस्तेमाल करके बनाया गया है। यह पांचवीं शताब्दी के एक जहाज की तर्ज पर बनाया गया है और प्राचीन अजंता गुफाओं के एक चित्र से प्रेरणा लेकर इसे बनाने का विचार आया था। इस जहाज का नाम पौराणिक नाविक कौंडिन्य के नाम पर रखा गया है। कौंडिन्य के बारे में माना जाता है कि उन्होंने प्राचीन काल में भारत से दक्षिण पूर्व एशिया तक की यात्रा की थी। यह जहाज समुद्र तट वाले देश के रूप में भारत की ऐतिहासिक भूमिका का प्रतीक है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ओमान के लिए रवाना आईएनएसवी कौंडिन्य के चालक दल को शुभकामनाएं दीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौसेना के आईएनएसवी कौंडिन्य पोत के चालक दल को सोमवार को शुभकामनाएं दीं, जिसे पारंपरिक तकनीक का इस्तेमाल करके बनाया गया है। यह जहाज गुजरात के पोरबंदर से ओमान के लिए अपनी पहली समुद्री यात्रा पर रवाना हुआ है। नौसेना की पश्चिमी कमान के ध्वज अधिकारी कमांडिंग-इन-चीफ, वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने भारत में ओमान के राजदूत ईसा सालेह अल शिबानी की मौजूदगी में आईएनएसवी कौंडिन्य जहाज को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# कांग्रेस दो खेमों में बंट गयी है, अब प्रियंका बनाम राहुल गुट हैं : भाजपा



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस दो गुटों में बंट गई है जिनमें एक प्रियंका गांधी वाद्रा का गुट है और दूसरा उनके भाई राहुल गांधी का है तथा मुख्य विपक्षी दल के भीतर राहुल गांधी के स्थान पर ''किसी और'' को लाने की मांग ''तेजी'' से बढ़ रही है। भाजपा के इस दावे पर अभी कांग्रेस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है। भाजपा ने हाल ही में आरोप लगाया था कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल विदेशी सरजमीं पर भारत के खिलाफ बोलते हैं और देश को बदनाम करते हैं क्योंकि वह इस तथ्य से ''घबराए हुए'' हैं कि उनकी पार्टी के सहयोगी और यहां तक कि परिवार के सदस्य भी उन पर ''अविश्वास'' दिखा रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''कांग्रेस दो हिस्सों में बंट गई है। पहले हम ऐसा कर्नाटक, राजस्थान और तेलंगाना में देखते थे। लेकिन अब राष्ट्रीय स्तर पर विभाजन हो गया है।'' उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, ''अब राहुल गांधी की कांग्रेस बनाम प्रियंका की कांग्रेस की लड़ाई है।'' पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस में फूट तब खुलकर सामने आई जब पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''पहले इमरान मसूद, रॉबर्ट वाद्रा और अन्य नेताओं जैसे प्रियंका के खेमे वाले लोग राहुल गांधी पर हमला कर रहे थे। राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से निशाना साधने वाले दिग्विजय सिंह के उस बयान के बाद कांग्रेस अब और भी ज्यादा 'टुकड़े-टुकड़े' के मूड में आ गई है।'' भाजपा प्रवक्ता ने कहा, ''राहुल गांधी के खेमे में शामिल कांग्रेस के नेता जैसे मणिकम टैगोर और रेवंत रेड्डी, दिग्विजय सिंह पर हमला कर रहे हैं। वे आरएसएस पर भी हमला कर रहे हैं और उसे अपशब्द कह रहे हैं जबकि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की प्रशंसा कर रहे हैं।''

## न्यूज ब्रीफ

### मुंबई इंडियन्स ने क्रिस्टन बीम्स को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

**मुंबई :** गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 से पहले ऑस्ट्रेलिया की पूर्व लेग स्पिनर क्रिस्टन बीम्स को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। बीम्स ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप अभियानों में अहम भूमिका निभा चुकी हैं। वह 2017 एकदिवसीय विश्व कप में सबसे अधिक विकेट चटकाने वाली खिलाड़ियों की सूची में तीसरे स्थान पर थीं। कोचिंग में आने से पहले बीम्स ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में एक टेस्ट, 30 एकदिवसीय और 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने महिला बिग बैश लीग में भी 45 टी20 मैच खेले। बीम्स ने महिला बिग बैश लीग और द हंड्रेड में कोचिंग दी है। वह ऑस्ट्रेलिया महिला अंडर-19 टीम की कोच, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में नेशनल डेवलपमेंट लीड और क्रिकेट तस्मानिया में कम्युनिटी क्रिकेट मैनेजर (दक्षिण)भी रह चुकी हैं। डब्ल्यूपीएल का चौथा सत्र नौ जनवरी से पांच फरवरी तक खेला जाएगा।

### कोहली छह जनवरी को विजय हजारे ट्रॉफी का मैच खेलेंगे

**नयी दिल्ली :** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने सोमवार को बताया कि दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली छह जनवरी को बेंगलुरु स्थित बीसी-सीआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में रेलवे के खिलाफ दिल्ली का विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसी-सीआई) के केंद्रीय अनुबंध हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैचों में भाग लेना अनिवार्य किया था। कोहली हालांकि इस महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला की तैयारी के लिए तीसरा मैच भी खेलना चाहते हैं। डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने बताया, फिलहाल, वह खेल रहे हैं।

# भारत की नजरें क्लीन स्वीप पर, सांत्वना जीत हासिल करना चाहेगा श्रीलंका



**तिरुवनंतपुरम :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने आक्रामक खेल को जारी रखते हुए श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत दर्ज करके पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप करने की कोशिश करेगी। यह श्रृंखला अगले साल जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्रीलंका के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला के बाद भारतीय टीम विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में तीन-तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारतीय टीम 2024 में टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी लेकिन इसके बाद उसने अपनी शैली में बदलाव किया और अधिक आक्रामकता अपनाई जिससे उसे अनुकूल परिणाम मिले। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'यह श्रृंखला हम सभी के लिए शानदार रही। पिछले विश्व कप के बाद हमने इसी बात पर चर्चा की थी कि हमें अपने स्तर को ऊपर उठाना होगा और टी20 में अधिक आक्रामक होकर खेलना होगा।' शुरुआती तीन मैचों में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे बल्लेबाजों को बहुत कम मेहनत करनी पड़ी। इन मैच में हालांकि आक्रामक अंदाज में खेलने वाली शेफाली वर्मा ने प्रभावित किया है। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय उसकी फील्डिंग है। वह अभी तक इस विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। पिछले मैच में भी उसने दो कैच छोड़े और स्टंपिंग का एक मौका गंवाया। भारतीय टीम के लिए इस श्रृंखला में कई सकारात्मक पहलू भी रहे। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने एक साल के अंतराल के बाद इस प्रारूप में सफल वापसी की, वहीं हमेशा भरोसेमंद रहने वाली दीप्ति शर्मा लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने भी अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन किया है। इस 20 वर्षीय गेंदबाज ने अभी तक श्रृंखला में 5.73 की इकॉनमी रेट से चार विकेट लिए हैं। बल्लेबाजी में शेफाली ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अब तक चार मैचों में तीन अर्धशतक बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 185.82 का है। भारतीय टीम के लिए एक और बड़ी राहत उप कप्तान स्मृति मंधाना का फॉर्म में वापसी रही। बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 48 गेंद पर 80 रन बनाए और वह अपनी इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। शेफाली और मंधाना ने चौथे मैच में आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 92 गेंदों में 162 रन की साझेदारी की थी जो महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत की तरफ से पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। भारत ने पिछले मैच में ऋचा घोष को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा और इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने महज 16 गेंदों में नाबाद 40 रन बनाकर इस फैसले को सही साबित किया।

# भूटान के सोनम येशे ने टी20 में विश्व रिकॉर्ड बनाया, आठ विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने



**बेंगलुरु :** भूटान के सोनम येशे ने टी20 में विश्व रिकॉर्ड बनाया, आठ विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने

नयी दिल्ली, 29 दिसंबर (भाषा) भूटान के स्पिनर सोनम येशे पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आठ विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार बाएं हाथ के स्पिनर सोनम येशे ने 26 दिसंबर को भूटान के गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में म्यांमार के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। इस 22 वर्षीय गेंदबाज ने सात रन देकर आठ विकेट लिए जिससे भूटान ने म्यांमार को 45 रन पर आउट कर दिया। इससे पहले भूटान ने नौ विकेट पर 127 रन बनाए थे। भूटान क्रिकेट ने एक्स पर पोस्ट किया, ''एक यादगार स्पेल। सोनम येशे ने अविश्वसनीय प्रदर्शन करके चार ओवर में सात रन देकर आठ विकेट लिए और इस तरह से नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।''इससे पहले किसी भी गेंदबाज ने किसी भी तरह के टी20 मैच में आठ विकेट लेने का कारनामा नहीं किया था। इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड मलेशिया के तेज गेंदबाज स्याजरुल इद्रस के नाम था, जिन्होंने 2023 में चीन के खिलाफ आठ रन देकर सात विकेट लिए थे। इनके अलावा बहरीन के अली दाऊद ही एकमात्र ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सात विकेट लिए हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में भूटान के खिलाफ 19 रन देकर सात विकेट हासिल किए थे। अगर टी20 मैचों की बात करें तो नीदरलैंड के ऑलराउंडर कॉलिन एकरमैन ने 2019 में लीसेस्टरशर की तरफ से बर्मिंघम बियर्स के खिलाफ 18 रन देकर सात विकेट जबकि बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने इस साल के शुरू में दरबार राजशाही के लिए खेलते हुए ढाका कैपिटल्स के खिलाफ 19 रन देकर सात विकेट चटकाए थे।

## मोदी ने हम्पी और एरिगैसी को विश्व रैपिड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोहा में फिडे विश्व रैपिड चैंपियनशिप के महिला और ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय शतरंज की दिग्गज खिलाड़ियों क्रमशः कोनेरू हम्पी और अर्जुन एरिगैसी को सोमवार को बधाई देते हुए उनके समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की। हम्पी ने मौजूदा चैंपियन के रूप में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। वह रविवार को समाप्त हुई प्रतियोगिता के अंतिम दौर के बाद 8.5 अंक लेकर दो अन्य ग्रैंडमास्टर्स के साथ संयुक्त बढ़त पर थी लेकिन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के टाईब्रेक नियमों के कारण उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। मोदी ने एक्स पर लिखा, 'दोहा में 2025 फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली कोनेरू हम्पी को हार्दिक बधाई। खेल के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है। उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं।'

## बिहार में प्रतिभा की कमी नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनने की है क्षमता: साइना नेहवाल



**पटना :** दिग्गज भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने सोमवार को कहा कि बिहार में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और बेहतर प्रशिक्षण के जरिए यहां से भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए जा सकते हैं। साइना ने कहा कि राज्य में आधारभूत संसाधन मौजूद हैं और सही मार्गदर्शन से खिलाड़ी वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना सकते हैं। साइना ने यहां पाटलिपुत्र खेल परिसर में पत्रकारों को बताया कि बिहार के प्रतिभावान बैडमिंटन खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बिहार में खेलों के विकास, विशेषकर बैडमिंटन की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इससे पहले साइना ने बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर खेल मंत्री ने अंगवस्त्र और प्रतीक चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। साइना ने कहा कि बिहार खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के जरिए पहले ही वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। साइना ने कहा, 'मैंने अपनी पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप पटना में ही जीती थी इसलिए बिहार से मेरा गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। साइना ने कहा कि बिहार के खिलाड़ियों के विकास के लिए वह हर संभव सहयोग देने को तैयार हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार की सकारात्मक खेल नीति, खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन से आने वाले समय में राज्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे। उल्लेखनीय है कि साइना नेहवाल पद्मश्री, पद्म भूषण और राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित हैं। वह ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीता था और विश्व नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय महिला खिलाड़ी भी रही हैं। उन्होंने 2010 और 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक सहित कई अंतरराष्ट्रीय खिताब अपने नाम किए हैं।

## नीरू ढांडा को राष्ट्रीय निशानेबाजी में महिला ट्रैप स्पर्धा का स्वर्ण



**नयी दिल्ली :** एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नीरू ढांडा ने सर्द मौसम के बीच सोमवार को यहां कर्णी सिंह रेंज में चल रही राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिला ट्रैप स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। हाल में कजाखस्तान में महाद्वीपीय प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करने वाली 25 साल की नीरू ने फाइनल में 41 हिट के साथ खिताब जीता। नीरू को दिल्ली की कीर्ति गुप्ता से कड़ी टक्कर मिली जिन्होंने 40 सटीक निशानों के साथ रजत पदक हासिल किया। नीरू की मध्य प्रदेश की साथी निशानेबाज प्रगति दुबे ने 32 निशाने सही लगाकर कांस्य पदक जीता। इससे पहले क्वालीफिकेशन में प्रगति 117 अंक के साथ शीर्ष पर रही जबकि नीरू ने 114 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। जूनियर पुरुष ट्रैप में आर्यवंश त्यागी ने 42 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पंजाब के केशव चौहान और उत्तर प्रदेश के जुहैर खान ने 37 और 30 अंक के साथ क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। जुहैर इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में 120 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहे। आर्यन सिंह ने 118 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। आर्यवंश ने 115 अंक जुटाकर फाइनल में जगह बनाई। मध्य प्रदेश ने महिला ट्रैप टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।



## शेयर बाजार में गिरावट जारी, सेंसेक्स 346 अंक फिसला, निफ्टी 26,000 के नीचे



**मुंबई :** तेल एवं गैस और आईटी शेयरों में बिकवाली, विदेशी पूंजी की निकासी और साल के अंत में कमजोर कारोबार होने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 346 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी एक बार फिर 26,000 के स्तर के नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज करते हुए 345.91 अंक यानी 0.41 प्रतिशत टूटकर 84,695.54 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 403.59 अंक गिरकर 84,637.86 अंक तक आ गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी तीसरे दिन भी नुकसान में रहा और 100.20 अंक यानी 0.38 प्रतिशत फिसलकर 25,942.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, पावर ग्रिड, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। इसके विपरीत, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इटर्नल के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल बाजार में तेजी के लिए किसी ठोस संकेत का अभाव है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार में आगे तेजी के लिए फिलहाल मजबूत कारण नहीं दिख रहे हैं। अधिकतर निवेशक छुट्टियों के मूड में हैं, जिससे निकट अवधि में बाजार के एक दायरे में ही रहने के संकेत मिलते हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि बाजार की धारणा वैश्विक संकेतों और चुनिंदा शेयरों से जुड़ी खबरों से प्रभावित हो रही है।

## भारत को आयात निर्भरता कम करने के लिए 10-12 बड़ी पीसीबी इकाइयों की जरूरत: उद्योग निकाय

**नयी दिल्ली :** भारत को अगले पांच वर्षों में कुल 20,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 10-12 बड़ी प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) विनिर्माता कंपनियों की जरूरत है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने एक रिपोर्ट में कहा कि आयात पर निर्भरता कम करने और आपूर्ति संबंधी बाधाओं से बचने के लिए ऐसा करना जरूरी है। सरकार के साथ सितंबर में साझा की गई इस रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भारत में कुल पीसीबी की मांग लगभग 35,000 करोड़ रुपये की थी, जिसमें से 88 प्रतिशत आवश्यकता आयात से पूरी हुई। इसे मुख्य रूप से चीन, ताइ-वान, दक्षिण कोरिया और कुछ दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से मंगाया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ईएलसीआईएनए) की रिपोर्ट के अनुसार, ''भारत को अगले पांच वर्षों में 10-12 नई बड़ी पीसीबी इकाइयां स्थापित करनी होंगी, जिनमें प्रत्येक की क्षमता 10 लाख वर्ग मीटर हो, साथ ही 20-30 लाख वर्ग मीटर की फ्लेक्स/रिजिड फ्लेक्स इकाइयां भी चाहिए। इस विस्तार के लिए 20,000 करोड़ रुपये का निवेश आवश्यक होगा और इससे वार्षिक राजस्व लगभग 20,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।'' सरकार ने 2030 तक 150 अरब अमेरिकी डॉलर का उपकरण विनिर्माण आधार बनाने का लक्ष्य तय किया है।

# इंडिया एआई सम्मेलन का प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन, वैश्विक दिग्गज करेंगे शिरकत



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय राजधानी में 15-20 फरवरी, 2026 को होने वाले कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रभाव पर केंद्रित वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इसमें कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों एवं शासनाध्यक्षों और दुनिया की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष अधिकारी हिस्सा लेंगे। भारत को उम्मीद है कि 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' एआई पर एक सहमति घो-षणा तक पहुंचने में मदद करेगा। इसमें समावेशन एजेंडा और एआई संसाधनों के लोकतांत्रिक वितरण पर विशेष चर्चा होने की संभावना है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सचिव एस कृष्णन ने सोमवार को कहा कि शिखर सम्मेलन में अमेरिका और चीन की भागीदारी भी तय है, जो वैश्विक एआई विमर्श में उनकी अहम भूमिका को देखते हुए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अब तक करीब 50 वैश्विक कंपनियों के प्रमुखों और संस्थापकों ने सम्मेलन में भागीदारी की पुष्टि कर दी है, जबकि 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधित्व की उम्मीद जताई गई है। आईटी सचिव ने कहा, हमें उम्मीद है कि 15-20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष या शासन प्रमुख और 50 से अधिक देशों के मंत्री-स्तरीय प्रतिनिधि इसमें शिरकत करेंगे। वैश्विक दक्षिण के देशों, खासकर अफ्रीका और लातिन अमेरिका के कई देशों के भी शामिल होने की अपेक्षा है। कृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सम्मेलन के दौरान आयोजित मेगा एक्सपो का भी उद्घाटन करेंगे और 18 फरवरी को संभावित रूप से एक रात्रिभोज की मेजबानी भी करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी 19 फरवरी को उद्घाटन समारोह, नेताओं की पूर्ण बैठक और सीईओ गोलमेज बैठक में भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स, गूगल डीपमाइंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डेमिस हैसाबिस, एंथ्रोपिक के सीईओ डेरियो अमोदेई, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण, सेल्सफोर्स के सीईओ मार्क बेनिऑफ, क्वालकॉम के सीईओ क्रिस्टियानो एमॉन और फेडएक्स के सीईओ राज सुब्रमण्यम सहित कई वैश्विक दिग्गजों ने इस सम्मेलन में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। कृष्णन ने कहा, एआई सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य एआई से जुड़े अहम मुद्दों पर सभी पक्षों को साथ लाना है। इस बार फोकस केवल एआई की सुरक्षा तक सीमित न होकर उसके प्रभाव, समावेश और भविष्य में मिलने वाले सकारात्मक लाभों पर है।

## घरेलू विमानन उद्योग को चालू वित्त वर्ष में 18,000 करोड़ रुपये तक का घाटा होने का अनुमान:इक्रा



**मुंबई :** घरेलू विमानन उद्योग को यात्रियों की संख्या में संभावित कमी और अन्य कारकों के कारण चालू वित्त वर्ष 2025-26 में करीब 17,000-18,000 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा होने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह बात कही। इससे पहले, अनुमान लगाया गया था कि उद्योग को 2025-26 के दौरान 9,500-10,500 करोड़ रुपये का घाटा होगा। इक्रा ने इस वर्ष जून में एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान दुर्घटना और इस महीने की शुरुआत में इंडिगो द्वारा हजारों उड़ानों के रद्द होने सहित कई कारकों के कारण वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू हवाई यात्री यातायात वृद्धि के अपने पूर्वानुमान को घटाकर शून्य से तीन प्रतिशत कर दिया है। जबकि पहले उसने चार से छह प्रतिशत का अनुमान लगाया था। इक्रा ने कहा कि यह संशोधन वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-नवंबर अवधि में उम्मीद से धीमी यातायात वृद्धि के कारण है जो सीमा पार तनाव बढ़ने से प्रभावित हुई थी। इससे कारण वर्ष के दौरान उड़ानें बाधित और रद्द हुईं। साथ ही जून में हुई (एयर इंडिया) विमान दुर्घटना त्रासदी ने यात्री कुछ समय के लिए ही सही लेकिन यात्रा करने में संकोच करते नजर आए। इंडिगो की उड़ानों के रद्द होने से हालांकि उद्योग के कुल वार्षिक प्रस्थान का केवल 0.4 प्रतिशत ही प्रभावित हुआ लेकिन इक्रा ने कहा कि इंडिगो के परिचालन व्यवधान से यात्रा संबंधी धारणाओं में नरमी आने का अनुमान है। इक्रा ने कहा कि उसने चालू वित्त वर्ष के लिए भारतीय विमानन कंपनियों के अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात वृद्धि पूर्वानुमान को भी अपने पहले के 13-15 प्रतिशत के अनुमान से संशोधित करके 7-9 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, अप्रैल-नवंबर 2025 के दौरान घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या करीब 10.96 करोड़ रही जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.2 प्रतिशत अधिक है।

## एटीएम की संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में मामूली घटी, बैंक शाखाएं बढ़ीः आरबीआई

**मुंबई :** पैसे की निकासी के लिए इस्तेमाल होने वाली एटीएम की संख्या में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान हल्की गिरावट आई जबकि बैंक शाखाओं में बढ़ोतरी दर्ज की गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, देशभर में मार्च, 2025 तक कुल 2,51,057 एटीएम सक्रिय थे जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 2,53,417 था। निजी क्षेत्र के बैंकों के एटीएम नेटवर्क में तुलनात्मक रूप से अधिक गिरावट आई है। निजी बैंकों के एटीएम साल भर पहले के 79,884 से घटकर 77,117 रह गए। वहीं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एटीएम 1,34,694 से घटकर 1,33,544 रह गए। रिपोर्ट कहती है, एटीएम की संख्या घटने के पीछे डिजिटलीकरण के बढ़ते कदम और दोनों तरह के बैंकों द्वारा एटीएम की बंदी मुख्य कारण रहे। हालांकि इसी दौरान स्वतंत्र रूप से संचालित व्हाइट लेबल एटीएम की संख्या बढ़कर 36,216 हो गई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एटीएम ग्रामीण, कस्बाई, शहरी एवं महानगरीय क्षेत्रों में समान रूप से वितरित हैं जबकि निजी एवं विदेशी बैंकों का ध्यान मुख्य रूप से शहरी एवं महानगरीय क्षेत्रों पर केंद्रित है। पिछले वित्त वर्ष में बैंक शाखाओं की संख्या बढ़कर 1.64 लाख तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.8 प्रतिशत अधिक है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने नए शाखाएं खोलने में सक्रिय भूमिका निभाई और अपनी दो-तिहाई नई शाखाएं ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में खोलीं। निजी बैंकों की हिस्सेदारी नए शाखाओं में 67.3 प्रतिशत से घटकर 51.8 प्रतिशत रह गई। रिपोर्ट के मुताबिक, बुनियादी बचत बैंक जमा खाता (बीएसबीडीए) की संख्या 72.4 करोड़ तक पहुंच गई और कुल जमा राशि 3.3 लाख करोड़ रुपये हो गई। इनमें से अधिकांश खातों को बैंक प्रतिनिधि मॉडल के जरिये संचालित किया जा रहा है। जमा राशि के बीमित होने के संदर्भ में जहां सीमा को पांच लाख रुपये से बढ़ाए जाने पर विचार किया जा रहा है वहीं वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में 97.6 प्रतिशत बैंक खाते इस बीमा के दायरे में थे।

## न्यूज अपडेट

### भारत से ऑस्ट्रेलिया को निर्यात में अच्छी वृद्धि, व्यापार समझौता के तीन साल पूरे

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि अगले साल एक जनवरी से, भारतीय निर्यात के लिए 100 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई उत्पाद श्रेणियों पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात आठ प्रतिशत बढ़ा है। इसमें रसायन, कपड़ा, प्लास्टिक, फार्मा, पेट्रोलियम उत्पाद और रत्न और आभूषण क्षेत्रों में बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। गोयल ने कहा, 'एक जनवरी, 2026 से, 100 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई टैरिफ लाइनें, भारतीय निर्यात के लिए शून्य-शुल्क वाली होंगी। इससे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए नए अवसर खुलेंगे।' निर्यात में अच्छी बढ़ोतरी हो रही है क्योंकि भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों को दोनों देशों के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते के तहत शुल्क रियायतें मिल रही हैं। समझौते को 29 दिसंबर, 2022 को लागू किया गया था। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, 'पिछले तीन वर्षों में, इस समझौते ने लगातार निर्यात वृद्धि, बेहतर बाजार पहुंच और आपूर्ति-श्रृंखला में मजबूती प्रदान की है, जिससे भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई, किसानों और श्रमिकों सभी को फायदा हुआ है।'

### आरबीआई ने छोटी राशि के कर्ज देने वाले वित्त संस्थानों से ऋण बही में बढ़ते दबाव पर नजर रखने को कहा

मुंबई : भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को छोटी राशि के कर्ज देने वाले वित्त संस्थानों से अपने ऋण बही-खाते में दबाव बनने पर नजर रखने को कहा है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 'बैंकिंग में रुझान और प्रगति' रिपोर्ट में आरबीआई ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में दक्षिणी राज्यों में ऋण वितरण कम रहा। यह रिपोर्ट कर्नाटक और तमिलनाडु में उद्योग को प्रभावित करने वाले कई कदमों के बीच आई है। इसके मुताबिक प्रदर्शन में सुधार के लिए उद्योग ने कई कदम उठाए हैं और साथ ही ''विनियमित इकाइयों को इस खंड में आगे चलकर दबाव बनने पर निगरानी रखने की आवश्यकता है।' पिछली कुछ तिमाहियों में ऋणदाताओं को सूक्ष्म वित्त खंड में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसका कारण उधारकर्ताओं पर अत्यधिक कर्ज का बोझ रहा। इसके चलते उद्योग ने मिलकर कुछ सुरक्षा उपाय अपनाए, जिनमें एक ही उधारकर्ता को दिए जाने वाले ऋणों की संख्या सीमित करना भी शामिल है। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, स्व-नियामक संगठनों माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क (एमएफआईएन) और सा-धन ने इन सुरक्षा उपायों को लागू किया है, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में स्थिर और संतुलित वृद्धि को प्राथमिकता देना है। आरबीआई ने कहा कि 2022 में सूक्ष्म वित्त ऋणों के लिए नियामकीय ढांचे में किए गए उसके संशोधनों ने इस क्षेत्र में प्रणालीगत और टिकाऊ वृद्धि की नींव रखी।

### दिल्ली में चांदी 3,650 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 2.4 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर

**नयी दिल्ली :** कारोबारियों की लिवाली के कारण सोमवार को चांदी की कीमतों में लगातार पांचवें दिन रिकॉर्ड तेजी जारी रही। इससे राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 3,650 रुपये बढ़कर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नये शिखर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को चांदी की कीमत 2,36,350 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस साल अब तक, चांदी की कीमतों ने शानदार लाभ दिया है। यह 31 दिसंबर, 2024 को दर्ज 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम से 167.55 प्रतिशत यानी 1,50,300 रुपये बढ़कर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। इस बीच, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना अपने रिकॉर्ड स्तर से 500 रुपये टूटकर 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर के साथ) पर रहा। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,500 रुपये चढ़कर 1,42,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया था। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (कमोडिटी और करेंसी) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि सोमवार को सोने में गिरावट रही। इसका कारण कारोबारियों की मुनाफावसूली है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3458 अंक 268, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in